General Budget ? Demands for Grants ? Ministry of Fisheries, Animal Husbandry and Dairying

माननीय अध्यक्ष : अब सभा में मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों की संख्या 43 और 44 को चर्चा एवं मतदान के लिए लिया जाएगा।

सभा में उपस्थित जिन माननीय सदस्यों के मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय से संबंधित अनुदान की मांग पर कटौती प्रस्ताव परिचालित किए गए हैं, यदि वे अपने कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत करना चाहते हैं तो 15 मिनट के भीतर सभापटल पर पर्चियां भेज दें, जिनमें उन कटौती प्रस्तावों की संख्याएं लिखी हों जिन्हें वे प्रस्तुत करना चाहते हैं।

इस प्रकार प्रस्तुत किए गए कटौती प्रस्तावों की क्रम संख्याओं को दर्शाने वाली सूची कुछ समय पश्चात् सूचना पट्ट पर लगा दी जायेगी। यदि सदस्यों को उस सूची में कोई विसंगति मिले तो वे उसकी सूचना तत्काल सभापटल पर मौजूद अधिकारी को दे सकते हैं।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप आपस में चर्चा क्यों कर रहे हैं? क्या मैंने आपको अलाउ किया है? आपस में कोई भी चर्चा नहीं किया करो।

प्रस्ताव पस्तुत हुआ:

?कार्य-सूची के दूसरे स्तम्भ में मांग संख्या 43 और 44 के सामने प्रविष्ट मांगों के शीर्षों के संबंध में 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान खर्चों के भुगतान के निमित्त अथवा के उद्देश्य से, संबंधित धनराशियां, जो कार्य-सूची के तीसरे स्तंभ में दिखाई गई राजस्व लेखा और पूंजी लेखा की रकमों से अधिक न हों, भारत की संचित निधि में से राष्ट्रपति को लेखे पर प्रदान की जाए।?

Demands for Grants, 2024-2025 in respect of the Ministry of Fisheries, Animal Husbandry and Dairying submitted to Lok Sabha

(Amount in Rupees)

No. of Demand	**Name of Demand**	**Amount of Demand for Grant Submitted to the House**	
		Revenue	**Capital**
43	Department of Fisheries	2597,44,00,000	19,00,00,000
44	Department of Fisheries, Animal Husbandry and Dairying	4693,57,00,000	237,67,00,000
TOTAL		**72,91,01,00,000**	**2,56,67,00,000**

माननीय अध्यक्ष : आइटम नम्बर 20 ? सुश्री सयानी घोष जी।

क्या आप पहली बार चुनकर आई हैं?

सुश्री सयानी घोष (जादवपुर) : जी सर।

प्रो. सौगत राय (दम दम) : सर, ये बहुत अच्छी हैं। आप इनका भाषण सुनिये। ? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप उनको बीच में मत टोकना और सलाह मत देना। आप पीछे की सीट पर चले जाइये।

? (व्यवधान)

प्रो. सौगत राय : सर, आपको ध्यान से सुनना चाहिए। ? (व्यवधान)

सुश्री सयानी घोष (जादवपुर): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, उसके लिए मैं आपका धन्यवाद करती हूं। मैं जादवपुर लोक सभा क्षेत्र से पहली बार चुनकर इस सदन में आई हूं। मैं अपनी लीडर ममता बनर्जी जी, अभिषेक बनर्जी जी और जादवपुर लोक सभा क्षेत्र के सारे वोटरों को धन्यवाद देना चाहती हूं, जिन्होंने मुझे भारी बहुमत से जिताया तथा इस सदन में भेज कर बीजेपी को एक पैगाम दिया कि पश्चिम बंगाल में ? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्या, यह सदन है। सदन में इन नेताओं को, उन नेताओं को धन्यवाद नहीं होता है। आप डिमांड फोर ग्रांट्स पर बोलिये।

? (व्यवधान)

सुश्री सयानी घोष : सर, यह संदेश ? (व्यवधान)

श्री गौरव गोगोई (जोरहाट) : सर, आप मंत्री महोदय को यह सलाह क्यों नहीं देते? ? (व्यवधान)

सुश्री सयानी घोष : सर, मैं जादवपुर लोक सभा क्षेत्र के लोगों को धन्यवाद देना चाहती हूं, जिन्होंने मुझे भारी बहुमत से यहां पर जिता कर भेजा और यह पैगाम दिया कि पश्चिम बंगाल में नफरत की रणनीति तथा धोखेबाजी की राजनीति नहीं चलेगी।

अध्यक्ष महोदय, मैं उम्मीद करूंगी कि आज आप मुझे पूरा बोलने का मौका दें। क्योंकि हाल ही में नीति आयोग की जो मीटिंग हुई थी, वहां पर हमारी माननीय मुख्य मंत्री जी, जो देश की एकमात्र महिला मुख्य मंत्री भी हैं, उनका माइक बीच राह में ऑफ कर दिया गया। वह बंगाल के ? (व्यवधान) अरे, अभी तो शुरुआत है। यह तो ट्रेलर है, पिक्चर बाकी है।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपसे यह बोलना चाहती हूं कि वे बंगाल के हक के लिए यहां पर सवाल उठाने आई थीं, वे बंगाल के लोगों की बात रखने यहां पर आई थीं, लेकिन उनका माइक ऑफ कर दिया गया। मैं आपके माध्यम से इस सदन में उपस्थित, वहां जो सदस्य बैठे हैं ? (व्यवधान

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, नीति आयोग या बाहर की किसी भी घटना को सभा में अवगत नहीं कराएं। हम डिलीट करेंगे, अगर ऐसा कुछ होगा तो।

? (व्यवधान)

सुश्री सयानी घोष : सर, एक लाइन? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : नो।

? (व्यवधान)

सुश्री सयानी घोष : सर, मैं यही बताना चाहती हूँ कि बंगाल के लोगों का ... * का काम किया गया है और उनकी आवाज़ को बंद करने का काम किया गया। आगे जाकर बंगाल के लोग आपकी पार्टी का माइक ऑफ कर देंगे। बस एक चुनाव बाकी है, आप देख लीजिएगा।? (व्यवधान)

सर, ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस पार्टी इस सदन और इस देश की थर्ड लार्जेस्ट अपॉजिशन पार्टी है। हम आपको धन्यवाद देते हैं कि आपने हमें रेलवे, स्वास्थ्य, शिक्षा और आज पशुपालन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा में शामिल होने का मौका दिया। ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस पार्टी आगे हर महत्वपूर्ण मुद्दे पर बात करेगी, चाहे वह चीन का अनैतिक रूप से इस देश में प्रवेश का मुद्दा हो या 700 से ऊपर आन्दोलनजीवी किसानों की मौत हो? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, आप पहली बार बोल रही हैं, इसलिए मैं हस्तक्षेप नहीं करना चाहता हूँ। लेकिन जिस अनुदानों की मांगों पर चर्चा हो रही है, आप उसी विषय पर बोलें।

? (व्यवधान)

सुश्री सयानी घोष : सर, मैं उसी पर आ रही हूँ।

सर, नीट के घोटाले से लेकर जीएसटी के बोझ तक, एयरपोर्ट की छत टूट जाने से लेकर रेल पटरी से छूट जाने तक, तृणमूल कांग्रेस पार्टी के सांसद देश के हर गंभीर मुद्दे पर चर्चा करेंगे। बस मुझे यही आपसे कहना था।

Respected, Sir, *Maa Maati Manush* is the Magna Carta of the governance of West Bengal and our party and I feel truly honoured that today I have been given the opportunity to talk on a Ministry which is intrinsic to the *Maa Maati Manush* of the country. हमारे किसान अपने मवेशी को, अपनी फसलों को माँ की तरह पूजते हैं। वे जिस खेत में हल चलाते हैं, उस जमीन को नमन करते हैं। But does this major sector get support from the Government?

Sir, Indian agriculture supplies around 58 per cent of India's livelihood and as a principal source of income for half of the population accounts for 17 to 18 per cent of the country's GDP. About 70 per cent of India's rural poor depend on livestock and farm animals. But does this sector get what it deserves? अगर इसका जवाब आप देश के किसानों से पूछेंगे, तो वे आपको यही बात बोलेंगे कि चाय से शुरू हुई थी सरकार और गाय पर अटक गई और विकास की मौसी 10 साल में रास्ते में भटक गई।

Sir, the exorbitantly high cost of cattle and poultry feed under the mismanagement of this sector by the current Government and wholesale fodder inflation hovering between 25 per cent to 28.6 per cent in the last two to three years is at a 9-year high.

सर, किसान खुद क्या खाएंगे? वे अपने परिवार के लोगों को क्या खिलाएंगे? अपनी गाय-भैंस, भेड़-बकरियों को क्या खिलाएंगे? ऐसी ही वारदात होती है, जो गरीबी से जूझते हुए किसान को अपनी गाय, भेड़, बकरी को बेचने पर मजबूर करती है और अंत में वे अपनी खुद की जान ले लेते हैं।

सर, पिछले 10 सालों में 1 लाख 12 हजार किसानों ने इस देश में आत्महत्या की। एनसीआरबी की एक रिपोर्ट के अनुसार, 10 साल में, इस देश में हर दिन एवरेज़ 30 किसान अपनी जान ले लेते हैं। इस देश के लोगों का यही है किस्सा कि जिसको जिताया वह राजा की तरह जाएगा और जिन्होंने जिताया, वह फकीर की तरह।

सर, ये गौ-रक्षा की भी बहुत बातें करते हैं। देश के लोगों को यह पता होना चाहिए that there is a fodder crisis in India. The Union Minister has himself stated in a written reply in Rajya Sabha, ?Yes, the country is deficit in fodder?. So, it means that cows are dying without food in Government-owned *goshalas*, especially the BJP ruled States. About 74,000 cattle had died at Panjrapole in Surendra Nagar and Banaskantha districts of Gujarat in the last three years. About 200 cows were found dead in Shivpuri district of Madhya Pradesh. Around 173 cows allegedly died in a week in Chhattisgarh, and 74,016 cows had died in Hingonia Goshala in Jaipur during the previous BJP Government in Rajasthan.

सर, फॉडर क्राइसिस था, पहले खाना ही नहीं मिला। फिर खाना मिल भी जाए, तो इतना महँगा है कि किसान खरीद नहीं पा रहा है। फॉडर इंफ्लेशन है। खाना मिल भी जाए, तो पशुओं की बीमारी है। इनसे मुकाबला करने के लिए इस सरकार ने क्या क्या किया?

The Parliamentary Standing Committee on Agriculture, Animal, Husbandry and Food Processing presented its Report which stated that 32.7 lakh cattle were infected by the viral lumpy skin disease across several States, and a whopping 2.4 lakh cattle died within months. ये कहते हैं कि गाय हमारी माता है, लेकिन माता की रक्षा करना इन्हें नहीं आता है। महोदय, हम सब जानते हैं कि इस मिनिस्ट्री के अंतर्गत डेयरी भी आता है और भारत पूरी दुनिया में दूध के उत्पादन में नम्बर एक है।

India is contributing almost 24.46 per cent of global milk production, but since the Government has not been able to bridge the gap between demand and supply, it has successfully turned this country from being the largest producer of milk to an importer of milk.

In the last 10 years, due to stagnation in milk production, the gains of the White Revolution have been systematically white-washed. The dairy farmers are forced to throw buckets of milk on highways, protesting against meagre remuneration for their produce. The price of one litre of milk, on the other hand, has increased by a massive 55 per cent in the past 10 years. It was Rs. 36 per litre in 2014 and now it is Rs. 56 per litre in 2024. When this Government came to power, the first thing the milk producing companies regulated by it did was to increase the price of milk by rupees two per litre. This was their revenge on the people of India for not providing a majority to the BJP.

आम आदमी के उपयोग में आने वाले दूध, छाछ, लस्सी, दही, पनीर पर पांच परसेंट की जीएसटी है। क्रीम, कंडेस्ड मिल्क, मक्खन, घी पर 12 परसेंट की जीएसटी, और अमीरों के हीरों पर सिर्फ डेढ़ परसेंट की जीएसटी है। सरकार उनको रिलीफ देती है, जो विदेशों में जाकर मिल्क शेक और लात्ते कॉफी की चुस्कियां लगाते हैं। यह सरकार उनको रिलीफ नहीं देती, जो आम आदमी दो पैकेट दूध खरीदने से पहले दस बार सोचता है।

सर, बचपन से हम सुनते आए थे कि ?संडे हो या मंडे, रोज़ खाओ अंडे?। India ranks second in egg production in the world, लेकिन अंडे का फंडा यही है कि भारत के बच्चों की किस्मत में महीने में एक अंडा नहीं है। मिड-डे-मील के चलते हफ्ते में अगर एक-दो अंडे मिल भी रहे थे, तो कहीं धर्म के नाम पर, तो कहीं महंगाई के चलते, उसे बंद करने की मांग उठ रही है।

Sir, more than 50 per cent children, under the age of 5, suffer from chronic malnutrition in the country and roughly 17 per cent children are under-weight and yet, most BJP-ruled states do not serve eggs in the Mid-Day Meal Scheme. This is the example of ? poshankaal? in India.

सर, अंत में मैं मच्छी पर आना चाहूंगी। आप लोगों को ज्यादा पसंद नहीं, लेकिन हम क्या करें, हम तो मच्छी-भात वाले बंगाली हैं, हमको तो बोलना ही पड़ेगा। We should not to forget that 2.8 crore fisherfolk are employed directly in catching fish in the country and millions are employed in the value chain of selling fish, and aquaculture.

-

-

13.13 hrs (Shrimati Sandhya Ray *in the Chair*)

India stands third in the world in terms of fish production, contributing eight per cent to global fish production and ranks second in aquaculture production. The PM talks about Blue Revolution, but this Government has allocated only 0.045 per cent funds out of the total Budget for the flagship scheme Pradhan Mantri Matsya Sampada Yojana (PMMSY). Even after this meagre allocation, they did not did not utilize 39 per cent of the funds and in 2023-24, they did not utilise 24 per cent of the funds allocated.

Madam, भले ही सरकार को ?मणिपुर? शब्द से अलर्जी हो, but the fact remains that 1.5 years of lack of governance in the State has led to endangering the fish species in India's largest freshwater body in Manipur - the Loktak Lake.

Madam, the Government has to generate employment opportunities, investment in areas such as exports, post-harvest processing, and import substitution. It has to deal with adversities like over-fishing, depleting fish stocks, pollution, disease outbreak, destruction of habitat and climate change.

Madam, my own Parliamentary Constituency has assembly constituencies like Baruipur, Sonarpur and Bhangar which are heavily dependent on these sectors for livelihood. The main crops grown are wheat, rice, vegetables, fruits, oilseeds, pulses, cotton and jute, and animal husbandry is mostly practised by women through self-help groups in South 24 Parganas. They rear a wide range of domestic animals, including cattle, poultry, goats particularly the Black Bengal Goat, and the Pekin Duck. I take extreme pride in saying that in the last five years of the TMC Government, the CM Mamata Banerjee has allocated a massive amount of Rs. 76,680 crores to agriculture and its allied sectors for their development.

Madam, the Government of West Bengal has achieved remarkable success in implementation of the State?s scheme, namely, Banglar Dairy under which the State-owned company is providing financial incentive at the rate of Rs. 11.5 per litre of raw milk directly to the bank accounts of primary dairy farmers through Milk Unions. Banglar Dairy procured 3.55 crore kilograms of milk in 2023, for which Rs. 109 crores were paid to dairy farmers through Direct Benefit Transfer. And, 47,900 fresh Kisan Credit Cards have been issued in the last three years for animal husbandry. Up to 30th November 2023, Rs. 393 crores were sanctioned to the marginal animal rearers in the rural areas.

Bangla Shasya Bima scheme is a fully State-funded scheme for crop insurance. A total of 1.28 crore farmers were enrolled under the scheme during 2023-24. Seventy lakh farmers got claim settlement worth Rs. 247 crores. A total of 76,049 farmers are getting pension amounting to Rs. 1,000 per month under the Jai Bangla Scheme.

Sufal Bangla scheme was introduced in 2014 for ensuring remunerative prices for agricultural produce, integrating about 80,000 farmers and procuring about 100 metric tonnes of perishables daily. The annual turnover of this project is now Rs. 106 crores. Seventy-seven new stores have been opened in financial year 2023-24. A total of 186 Krishak Bazars, sub-market yards are running successfully and providing excellent marketing infrastructure for aggregation and ease of marketing access. And to be mentioned, West Bengal has one of the largest cold storage capacities in the country, at more than 87 lakh metric tonnes, with 620 cold storages. New investment of Rs. 239 crores is upcoming in this sector this year with an employment opportunity for nearly 20,000 people. ?अरे उधर वाले बता इसमें बुरा क्या है, हवा के चार झोंके अगर इधर से भी गुजर जायें तो? ।

Now, coming to the demands of pending funds from the Government of India to West Bengal on animal husbandry and welfare, 50 per cent of the Central share, that is, Rs. 12.72 crore for the financial year 2023-24, being the recurring expenditure for Mobile Veterinary Units is pending with the Government of India. The Government of West Bengal requested for sanctioning additional 126 MVUs for 2024-25. However, it was regretted citing want of funds. The proposed Central share of Rs. 49.93 crore for financial year 2024-25 for Assistance to States for Control of Animal Diseases has not yet been released by the Government of India. Despite repeated persuasion, the Department of Animal Husbandry and Dairying has not released the Central share of Rs. 10 crores for financial year 2024-25 for various ongoing national livestock mission schemes, including the project for the establishment of Buck Semen Station at Haringhata. यह तो बस इसी मिनिस्ट्री से बकाया है बंगाल का, अभी अन्य मिनिस्ट्रीज की बात करें तो पता नहीं कहाँ पर जाकर यह खत्म होने वाला है ।

महोदया, मैं बस यही कहना चाहती हूँ कि इस बीजेपी सरकार ने पिछले 10 सालों में इस देश के लिए क्या किया है, उससे बड़ी तालिका यह बनेगी कि 10 साल में क्या-क्या कर सकते थे, लेकिन किया नहीं। वर्ष 2014 में जो किसान यह सोचकर कि मोदी है तो मुमकिन है और अच्छे दिन के ख्वाब देखकर बीजेपी को वोट दे रहा था, आज 10 साल बाद वह बोलता है कि मोदी है तो नामुमकिन है, शायद अभी वह किसान है भी नहीं। इसीलिए मैं बोलना चाहती हूँ कि समय बड़ा महत्वपूर्ण होता है और बड़ा बलवान भी होता है। बंगाली में हम एक बात बोलते हैं: ?shomoy gele shadhon hobena? इसका मतलब यही है कि अगर समय चला गया तो साधना नहीं होगी, अगर भक्त रूठ गए तो आराधना नहीं होगी और 303 से 240 के आंकड़े बोलते हैं कि इस बार जो आप चले गए तो दोबारा लौटने की संभावना नहीं होगी। मैं यही बोलकर अपनी बात खत्म करती हूँ। धन्यवाद।

CUT MOTIONS

(TOKEN)

THAT THE DEMAND UNDER THE HEAD DEPARTMENT OF FISHERIES (PAGE 154) BE REDUCED BY RS. 100. **(43)**

PROF. VARSHA EKNATH GAIKWAD (MUMBAI NORTH-CENTRAL): I beg to move:

Need to provide incentives to the fishermen community in the form of insurance and interest subvention scheme. (37)

(सांकेतिक)

कि पशुपालन और डेयरी विभाग शीर्ष के अंतर्गत मांग (पृष्ठ 156) में 100 रुपए कम किए जाएं। **(44)**

श्री नरेश चंद्र उत्तम पटेल (फतेहपुर) : मैं प्रस्ताव करता हूँ :

उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में डेयरियों के उपयुक्त संचालन के लिए धनराशि उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता। (13)

किसानों को उनके दूध उत्पादन के लिए लाभकारी मूल्य उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता। (14)

उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में पशु चिकित्सा महाविद्यालय खोले जाने की आवश्यकता। (15)

*m16 **श्री लालजी वर्मा (अम्बेडकर नगर) : मैं प्रस्ताव करता हूँ :**

उत्तर प्रदेश के अंबेडकरनगर जिले में पशु चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित किए जाने की आवश्यकता। (16)

SHRI VISHALDADA PRAKASHBAPU PATIL (SANGLI): I beg to move:

Need to formulate an effective policy to subsidise dairy industry for sustainable milk production in the country. (19)

Need to formulate a policy of fixing milk prices so that the milk producers get fair and remunerative price or a revenue sharing model for the processed dairy items across the supply chain. (20)

Need to introduce the Swaminathan formula or C2+50% formula for the dairy sector to ensure milk producers not only get a remunerative prices but also secured profits. (21)

Need to allocate more funds to increase appointments of veterinarian and set up Primary Veterinary Centres in Sangli, Maharashtra. (22)

Need to allocate more funds to maintain health of poultry industry which gets impacted due to adverse climate change events such as heat waves. (23)

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर) : मैं प्रस्ताव करता हूँ :

तीन वर्ष से कम आयु के नर मवेशियों की बिक्री और परिवहन पर प्रतिबंध हटाए जाने की आवश्यकता। (24)

नागौर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर के डेयरी अनुसंधान केंद्र की स्थापना को मंजूरी दिए जाने की आवश्यकता। (25)

मवेशियों में गांठदार त्वचा (लम्पी स्किन) रोग जैसी बीमारियों की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम चलाए जाने की आवश्यकता (26)

दुधारू पशुओं के लिए केंद्र दवारा प्रायोजित पशु बीमा योजना) शुरू किए जाने की आवश्यकता। (27)

राजस्थान में ऊंट प्रजातियों के संरक्षण के लिए विशेष कार्यक्रम शुरू किए जाने की आवश्यकता। (28)

राजस्थान में मवेशियों/पशुओं में विषाणुजनित रोगों का पता लगाने के लिए राष्ट्रीय स्तर की प्रयोगशाला स्थापित किए जाने की आवश्यकता। (29)

नागौरी बैल की विश्व प्रसिद्ध नस्ल के संरक्षण और विकास के लिए राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम शुरू किए जाने की आवश्यकता। (30)

पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 के तहत पशु दौड़ पर प्रतिबंध लगाए जाने की आवश्यकता। (31)

DR. T. SUMATHY *ALIAS* THAMIZHACHI THANGAPANDIAN (CHENNAI SOUTH): I beg to move:

Need to provide subsidy for improving farm infrastructure and for reducing congestion in farms which impacts cattle health and increases rate of spread of diseases. (38)

PROF. VARSHA EKNATH GAIKWAD : I beg to move:

Need to control the rise of fodder prices in the country which has resulted in rise of milk prices. (41)

श्री दुष्यंत सिंह (झालावाड़-बारां) : महोदया, धन्यवाद।

आज देश का ऐतिहासिक क्षण है। माननीय प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में 11वाँ बजट एनडीए सरकार ने पेश किया है।? (व्यवधान)

श्री गौरव गोगोई : महोदया, देखिए उधर पंचायत चल रही है।? (व्यवधान)

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण।

? (व्यवधान)

डॉ. निशिकान्त दुबे (गोड्डा) : महोदया, उधर भी पंचायत चल रही है। उधर तो और भी बड़ी पंचायत चल रही है।? (व्यवधान)

माननीय सभापति : मैं सभी माननीय सदस्यों से निवेदन कर रही हूँ कि आप चर्चा को सुनिए।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : प्लीज बैठिए। मैं सभी माननीय सदस्यों से आग्रह कर रही हूँ कि कृपया आप लोग बैठिए।? (व्यवधान)

दुष्यंत सिंह जी, आप बोलिए।

श्री दुष्यंत सिंह (झालावाड़-बारां) : सभापति जी, यह एक हिस्टोरिक मूमेंट है क्योंकि इस सरकार ने अपना 11वां बजट पेश किया है। देश के 140 करोड़ नागरिकों ने आदरणीय प्रधान मंत्री जी को तीसरा मौका दिया है। जब प्रधान मंत्री जी ने वर्ष 2014 में शपथ ली थी, उस समय उन्होंने किसान भाइयों की इनकम बढ़ाने की बात कही थी। किसानों को सिर्फ खेती से ही इनकम न हो बल्कि एनिमल हसबेंडरी से भी इनकम प्राप्त हो, इसके लिए प्रधान मंत्री जी ने काम किया है। किसानों की इनकम बढ़े, इसके लिए

वर्ष 2019 में माननीय प्रधान मंत्री जी ने स्वतंत्र रूप से एनिमल हसबेंडरी, डेयरी और फिशरीज मंत्रालय का गठन किया। प्रधान मंत्री जी के कुशल नेतृत्व द्वारा भारत के मिल्क प्रोडक्शन में 51 परसेंट की बढ़ोतरी हुई है। राष्ट्रीय जीडीपी में लगभग 5.5 परसेंट दूध उत्पादन से आता है। आज लगभग 9 करोड़ लोग इसमें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर जुड़े हैं। मछली के लिए माननीय प्रधान मंत्री जी ने ब्लू रेवोलूशन की बात कही है। मछुआरों की आय दोगुनी हो, इसके साथ-साथ कोल्ड चेन इनफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने का काम किया है। किसानों का उत्पाद सही ढ़ग से और सही समय से लोगों तक पहुंचे, इसके लिए रोड इनफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाया है। ?जय जवान, जय किसान? हमारे देश की शान है और किसानों को समृद्ध बनाने के लिए बहुत काम किए गए हैं। 21वीं पशुधन गणना चल रही है और दिसम्बर तक यह गणना पूरी हो जाएगी।

माननीय सभापति जी, मैं माननीय प्रधान मंत्री और वित्त मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा है और इसकी झलक इस बजट से दिखाई देती है और इसके संदर्भ में आज हम एनिमल हसबेंडरी, डेयरी और फिशरीज पर चर्चा कर रहे हैं। पशुपालन द्वारा पावर्टी एलिविएशन भी हो रहा है। मैं राजस्थान से जीत कर आया हूं। मैं अपने मतदाताओं को धन्यवाद देता हूं। राजस्थान में ज्यादातर जनसंख्या पशुपालन से अपनी जीविका चलाती है। यहां एक परसेंट पानी है और एक परसेंट पानी के साथ लोग पशुओं के साथ काम करते हैं। पशुपालन का पावर्टी एलिविएशन में बहुत बड़ा योगदान है। इसमें न्यूट्रिशन सिक्योरिटी भी है। आर्टिफिशियल इनसेमिनेशन से ब्रीड की इम्प्रूवमेंट करने का काम किया जा रहा है और इसमें आगे ज्यादा रिसर्च करने की आवश्यकता है। आज कम्प्रिहेंसिव प्रोग्राम की जरूरत है, जो डेयरी को सपोर्ट करे, पशुओं में जो रोग होते हैं, उनमें रोकथाम हो, प्रोडक्शन की प्रोडक्टिविटी बढ़े और जो कम प्रोडक्शन होता है, उसमें बढ़ोतरी हो। इसके साथ-साथ दूध से बच्चों की बोन डेनसिटी, उनकी ग्रोथ, न्यूट्रिशन में वृद्धि होती है। वर्ष 2014 से लेकर आज तक मिल्क प्रोडक्शन 57.7 परसेंट करके हमने दिखाया है। इसमें वर्ष 2014 में 146 मिलियन टन्स प्रोडक्शन होता था लेकिन आज 2024 में 230 मिलियन टन्स का प्रोडक्शन हो रहा है। यह छह परसेंट की एनुअल ग्रोथ है। मैं उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, आंध्रप्रदेश आदि राज्य सरकारों को भी धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने इस क्षेत्र में अच्छा काम किया है। इकोनॉमिक कंट्रीब्यूशन में लगभग छह परसेंट इसकी हिस्सेदारी है। इस क्षेत्र में लगभग 9 करोड़ लोगों को नौकरी मिल रही है। दूध उत्पादन में लगभग 23 परसेंट की वृद्धि हुई है। दूध उत्पादन में हम देश और विदेश में नम्बर एक पर हैं। माननीय प्रधान मंत्री जी के करकमलों द्वारा और उनकी नीतियों के द्वारा हम ऐसा करने में सफल हुए हैं।

आज पर कैपिटा दूध की उपलब्धता 459 प्रतिदिन हो रही है, जो वर्ल्ड एवरेज से ज्यादा है। हमारे क्षेत्र में जो लाइवस्टॉक हैं, उनमें बोवाइन में 303 मिलियन कैटल्स, 74.26 मिलियन शीप्स, 148 मिलियन गोट्स, और 851 मिलियन पॉल्ट्री हैं।

महोदया, अभी मेरे से पहले वक्ता अंडों के बारे में बोल रहे थे। अंडों के उत्पादन में हम दूसरे रैंक पर है। यह माननीय प्रधान मंत्री जी की नीतियों के कारण हुआ है कि वर्ष 2021-22 में अंडा उत्पादन 129.60 बिलियन हुआ है। इसमें 8 प्रतिशत का इज़ाफा हुआ है। यह इज़ाफा केवल इसमें ही नहीं हुआ है, बल्कि मीट प्रोडक्शन में भी हुआ है। इसके संबंध में नीतियां कैसे बनीं, मैं इसके बारे में छोटा विवरण देना चाहता हूं।

माननीय प्रधान मंत्री जी ने हमारे 80 मिलियन फार्मर्स के लिए राष्ट्रीय गोकुल मिशन (आरजीएम) शुरू किया। वे चाहते हैं कि हमारे यहां जो स्वदेशी नस्ल हैं, उनकी जेनेटिक अपग्रेडेशन करने के साथ-साथ, मिल्क एन्हांसमेंट के साथ-साथ उनकी प्रोडक्टिविटी को बढ़ाया जाए। आज हम देख रहे हैं कि वर्ष 2025-26 तक 2400 करोड़ रुपये राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत लोगों को दिए जाएंगे। पहले वर्ष 2013-14 में भैंस का दूध उत्पादन 1648.7 किलोग्राम प्रति पशु था, अब वर्ष 2021-22 तक हमने इसको 2048 किलोग्राम प्रति पशु करके दिखाया है।

नेशनल अकाउंट स्टैटिस्टिक्स के अनुसार हम लोगों ने दूध उत्पादन की राशि 9.95 लाख करोड़ रुपये करके दिखायी है। माननीय प्रधान मंत्री जी को हम इसके लिए धन्यवाद देते हैं। इसके साथ-साथ उन्होंने ब्रीड इम्प्रूवमेंट का काम भी शुरू किया है। इसमें नए लैब्स खोले गए हैं। इसके साथ-साथ नेशनल कामधेनू ब्रीडिंग सेन्टर्स की बात रखी गयी है। इसमें सेक्स-सॉर्टेड सीमेन रखने की कोशिश की गयी है और यह भी कोशिश की गयी है कि इसमें 90 प्रतिशत प्रोडक्शन फीमेल काभ्स का हो। इसके साथ-साथ 592 डिस्ट्रिक्ट्स को आर्टिफिशियल इनसेमिनेशन से जोड़ने का काम किया गया है।

माननीय प्रधान मंत्री जी और मंत्रालय ने ?मैत्री? का काम शुरू किया है। इसमें ब्रीड मल्टीप्लीकेशन, प्रोजेनी टेस्टिंग, जीनोम सेलेक्शन और गोकुल ग्राम की बात रखी गयी है। इतना ही नहीं, आज लोगों को नेशनल गोपाल रत्न पुरस्कार दिए गए हैं। इसमें डेयरी को-ऑपरेटिव्स को जोड़ा गया है और प्राइवेट सेक्टर को भी इससे जोड़ा गया है। इसमें फार्मर्स अवेयरनेस प्रोग्राम्स रखे गए हैं और ई-गोपाला एप्प के द्वारा लोगों को जोड़ने का काम किया गया है।

महोदया, माननीय प्रधान मंत्री जी और मंत्रालय के द्वारा नेशनल प्रोग्राम फॉर डेयरी डेवलपमेंट का काम किया गया है। इसमें ?स्ट्रेंथेनिंग ऑफ इंफ्रास्ट्रक्चर फॉर क्वालिटी ऑफ मिल्क? की बात रखी गयी है। इसमें प्रोसेसिंग और मार्केटिंग की बात रखी गयी है। इसमें प्रोसेसिंग और मार्केटिंग की बात रखी गयी है। इसमें मिल्क क्वालिटी की टेस्टिंग और इसके अपग्रेडेशन करने की फैसिलिटी की बात की गयी है। इसमें 1568 करोड़ रुपये की राशि रखी गयी है, जिसमें जाइका की भी राशि है। इसमें कई

प्रोजेक्ट्स हैं, जिनसे हमारे राज्यों को बहुत लाभ हुआ है। इसमें 185 प्रोजेक्ट्स के द्वारा 28 राज्यों और 2 केन्द्र शासित प्रदेशों को लाभ देने का काम किया गया है। इसमें लगभग 15,000 डेयरीज़ को को-ऑपरेटिव सोसायटीज़ से जोड़ा गया है। इसमें 23,790 डेयरी सोसायटीज़ को ऑटोमैटिक मिल्क कलेक्शन यूनिट का काम दिया गया है।

महोदया, सरकार की यह कोशिश है कि मिल्क में एडल्ट्रेशन न हो। इसमें सरकार ने ध्यान देने का काम किया है। डेयरी प्रोसेसिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड को दिसम्बर, 2017 में क्रेडिट किया गया था। इसमें मॉडर्नाइज्ड मिल्क प्रोसेसिंग और चिलिंग वैल्यू एडीशन के लिए हम लोगों ने बात रखी थी। इसको एनडीडीबी के द्वारा जोड़ने की बात रखी गई थी। इसमें मिल्क प्रोसेसिंग, मिल्क चिलिंग, मिल्क ड्राइंग कैपेसिटी और वैल्यु एडिशन की बात रखी थी। माननीय प्रधान मंत्री जी ने वर्ष 2017-18 में एफपीओ के माध्यम से भी लोगों को जोड़ने का काम किया है। एफपीओ के माध्यम से जोड़ने के साथ-साथ सॉफ्ट लोन देने की बात रखी गई थी। जब कोविड-19 आया था, तब 2003 करोड़ रुपये इसमें आउटले किए गए थे। इस तरह से सभी लोगों को इसमें जोड़ने का काम किया गया था।

आज लाइवस्टॉक हेल्थ मिशन के द्वारा हमारे क्षेत्र में 2,465 करोड़ रुपये दिए गए हैं। इसमें 64 रिवाइज़ एस्टिमेट्स से ज्यादा हैं और इसका ऑब्जेक्टिव एनिमेल को हेल्थ रिस्क से बचना है। वैक्सीनेशन के द्वारा पशुओं को फुट एण्ड माउथ डिसीज़ से बचाने की जरूरत है। अभी मेरे से पहले वक्ता यहां लम्पी के बारे में बोल रहे थे। मैं उस प्रांत से आता हूँ, जहां लम्पी ने हमारे क्षेत्र को तबाह कर दिया और पूरे क्षेत्र को खराब कर दिया। राजस्थान में उस वक्त श्री अशोक गहलोत जी की सरकार थी, तब एनिबल हस्बेंडरी मंत्रालय द्वारा लम्पी वायरस को देखा गया और उसके लिए डोज़ दिए गए, परंतु उस वक्त की राज्य सरकार ने इसमें पूरी तरह से ध्यान नहीं दिया, जिसकी वजह से वहां लम्पी से दिक्कतें बढ़ गईं। आज हमें यह बात बोलने की ज़रूरत है कि इन योजनाओं के द्वारा सब्सिडी भी दी गई है। पोल्ट्री फार्म के लिए 25 लाख रुपये और भेड़ पालन के लिए लगभग 50 लाख रुपये की सब्सिडी दी गई है। हमारे फोडर यूनिट्स के लिए भी 50 लाख रुपये दिए हैं। इसको सिडबी से जोड़ने का काम किया गया है। इसके साथ, एनिमन हस्बेंडरी और इन्फ्रास्ट्रक्चर को भी बढ़ावा देने के लिए और आत्मनिर्भर भारत से जोड़ने के लिए एफपीओज़ के द्वारा मिल्क प्रोडक्शन को बढ़ाने का काम किया गया है। पूरे राजस्थान में पशुओं की जो नस्ल हैं, जैसे गायों की नस्लें ? राठी, गीर, थारपारकर, कंकरेज़ और भैंसों की नस्लें ? मुर्रा, ज़फरेदी, बडावरी, बकरियों की नस्लें ? मारवाड़ी, शेखावटी, जकराना, और भड़ों की नस्ले ? चोखला, नाली, जैसलमेरी और सुनाडी और हमारे प्रांत का मेन एनिमल कैमल है। आज आरसीडीएफ के द्वारा लोगों को जोड़ने का काम भी किया जा रहा है। राजस्थान में इस क्षेत्र में बड़े अच्छे काम हुए हैं। मिल्क, ब्रीड और अलाइड एक्टिविटीज़ को जोड़ने का काम किया गया है।

मुझे कोऑपरेटिव डेयरी के बारे में कुछ कहने की जरूरत इसलिए है, क्योंकि कोऑपरेटिव डेयरी जो अमूल द्वारा शुरू किया गया है, जो कैरा डिस्ट्रिक्ट में शुरू किया गया है, वर्तमान में 1800 कोऑपरेटिव ग्रुप्स हैं, जिसमें लगभ 36 लाख किसान जुड़े हुए हैं और 3.5 करोड़ लोग डेली दूध बेचते हैं। उनको 200 करोड़ रुपये की राशि डेली डीबीटी के द्वारा मिलते हैं। यह माननीय प्रधान मंत्री जी की सोच है। उनका यह इकनॉमिक मॉडल, आणंद पैटर्न का मॉडल सिर्फ देश में नहीं, विदेश में भी लागू किया जा रहा है। इसके साथ-साथ जब कर्नाटक में हमारी सरकार थी, तब वहां पर नंदिनी प्रोग्राम के नाम से डेयरी विकास में काम किया गया है। इसके साथ-साथ जब हमारे राज्य में भाजपा की सरकार थी, तब 3,100 नवीन पशु चिकित्सालय उप-केंद्र खोलने का काम किया गया है। हमारे क्षेत्रों में गऊशालाओं में पशु आहार देने का काम किया गया। हमने गऊशालाओं को 1,096 करोड़ रुपये देने का काम किया। इसमें पशु नस्लों में सुधार करने का का किया गया और बीमा का काम करने का काम किया है। भाजपा सरकार ने सभी क्षेत्रों में काम किया है।

अब मैं मछलियों के बारे में अपनी कुछ बात रखना चाहता हूँ। इस विषय पर मैं संक्षेप में अपनी बात रखूंगा। माननीय प्रधान मंत्री जी के कर-कमलों के द्वारा आज देश दुनिया में तीसरे स्थान पर है, जो मछली का उत्पादन कर रहा है। इसमें ग्लोबल शेयर 8 परसेंट है। 2.8 crore people are involved in this. मुझे यह बोलने की जरुरत है। 70 सालों में 3,682 करोड़ रुपये की राशि रखी गई थी। वर्ष 2014 के बाद इस विभाग में, माननीय प्रधानमंत्री जी के होलिस्टिक एप्रोच के साथ डेवलपमेंट एंड सोशियो-इकोनॉमिक को जोड़ने के साथ उन्होंने सोचा है। इसमें उन्होंने 30,570 करोड़ रुपये की राशि रखी है। फिशरीज एंड एक्वा डेवलपमेंट के साथ-साथ प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के साथ लोगों को जोड़ने का काम किया है। उन्होंने इनलैंड वाटरवेज में फिशरीज को बढ़ावा दिया है। उन्होंने मैरिन में भी लोगों को सहायता देने का काम किया है। उन्होंने फिशरमैन वेल्फेयर का काम करने का प्रयास किया है। उन्होंने इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट करने का काम किया है। उन्होंने एक्वेटिक हेल्प देने का काम किया है।

हमारे क्षेत्र में जो ऑरनामेंटल फिशिंग होती है, वह छोटी मछली होती है। उसको भी मदद देने का काम किया है। इसको देखते हुए आज पीएम मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना के द्वारा हमारे तमिलनाडु में सी पाथवे बनाने का काम किया गया है। इसके साथ-साथ हमारे मेजर फिशिंग हार्बर्स चेन्नै, कोच्ची, पाराद्वीप, पेटोघाट एंड विशाखापट्नम में भी काम करने का काम किया है। आज हमारा जो फिशरिज इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड है, वह 7,522 करोड़ रुपये है। इसमें जो राशि दी गई है, वह हार्बर डेवलपमेंट, फिशिंग लैंडिंग सेंटर, आइस प्लांट, कोल्ड स्टोरेज, फिश को ट्रांसपोर्ट करने, हैचरीज और प्रोसेसिंग का काम दिया गया है। हमने इन नौ-दस सालों में अपने लोगों को काम देने का प्रयास किया है। हम थर्ड लार्जेस्ट फिश प्रोड्यूसर बने हुए हैं। हमने लोगों को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा से जोड़ने का काम किया है। इससे लोगों की आय बढ़ी है।

इसके साथ ही जो फिश प्रोडक्शन हुआ है, वह 81 परसेंट बढ़ा है। इनलैंड वाटर में हमने प्रोडक्शन बढ़ाने का काम किया है। हमने 10 लाख टन तक बढ़ाने का काम किया है। हमारा जो एक्सपोर्ट अर्निंग हुई है, वह 63,969 करोड़ रुपये की है। लोगों को किसान क्रेडिट कार्ड देने का काम किया गया है। फिश प्रोडक्शन के साथ-साथ हमने श्रिम्प कल्टीवेशन में भी 267 परसेंट का ग्रोथ किया है। प्रोडक्शन एंड फिशिंग हार्बर के साथ-साथ सागर परिक्रमा यात्रा को भी जोड़ने का काम किया है। यह 8000 किलोमीटर है। इसके साथ ही हमने एक्सिडेंट इंश्योरेंस से भी लोगों को जोड़ने का काम किया है। एफपीओज़ एंड कोऑपरेटिव में 2,092 फिश फार्मर्स को भी जोड़ने का काम किया है। वेसल्स कम्युनिकेशन में भी हमने काम करने का प्रयास किया है। इसमें 364 करोड़ रुपये की राशि दी गई है।

हमने वर्ष 2024 की बजट में भी मैन्युफैक्चरिंग और श्रिम्प की बात रखी है। इसमें मैरिटाइम प्रोडक्ट और एक्सपोर्ट की बात रखी है। हमने मैन्युफैक्चरिंग, श्रिम्प और फिश पिट्स पर कस्टम्स ड्यूटी कम की है। इसे कम करने से हमारा बूस्ट ऑफ एक्वाकल्चर एंड सी फूड्स एक्सपोर्ट्स बढ़ा है। हमारा बेसिक कस्टम ड्यूटी ऑन ब्लैक टाइगर, ब्रूड स्टॉक एंड बर्न्स पर 5 परसेंट का डिडक्शन हुआ है। इसमें न्यूक्लियर ब्रिडिंग सेंटर में हमारे श्रिम्प में जो एनुअल राशि थी, उसमें भी इजाफा हुआ है। इससे हमारा जो उत्पादन है, उसमें 30 परसेंट कॉस्ट का रिडक्शन हुआ है। इसमें हमें नाबार्ड से 80 परसेंट प्रोजेक्ट के लिए राशि मिली है और तीन परसेंट इंट्रेस्ट सबवेंशन भी मिला है। इसमें 639 एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग यूनिट्स बने हैं। हमारी जो राशि है, वह 6,523 करोड़ रुपये है, which is amounting to USD 7.38 billion, इतना ही श्रिम्प कंट्रीब्यूशन हमारे क्षेत्र से हुआ है। हमारे फ्रोजन श्रिम्प की जो राशि है, वह लगभग 40 हजार करोड़ रुपये है।

जब हम इनलैंड वाटरवेज के बारे में बात करते हैं तो हमें डीप सी फिशिंग के बारे में भी बात करने की जरुरत है।

हमारे यहां 100 फीट डीप में जो सोर्स हैं, वहां डीप सी माइनिंग होनी चाहिए। जो 200 नॉटिकल माइल्स का एक्सक्लूजिव इकोनॉमिक जोन है, इस पर भी मुझे बात रखनी है। श्री मारौरी कमेटी वर्ष 2004 में बनी थी। इस कमेटी ने पाया था कि रिवाइवल ऑफ फिशिंग करना है, लेकिन फिशिंग का रिवाइवल उस समय हो नहीं पाया। उस समय जो फिश की मात्रा थी, वह अनएक्सप्लायटेड रह गई। अगर इसको आगे बढ़ाएंगे तो कैसे बढ़ाएंगे? इसमें 60 पर्सेंट सैंक्शनिंग केंद्र सरकार से होगी। हमारे क्षेत्र में वैसल्स को पैसे देने का काम किया है। इसमें अपग्रेडेशन ऑफ वैसल्स का काम किया गया है। इसमें स्टार्ट-अप्स और टेक्नोलॉजी को जोड़ने का भी काम किया गया है। मुझे यह भी कहना है कि ट्यूना फिशिंग अंडमान और निकोबार आइलैंड की तरफ होती है। इसका 12 पर्सेंट का वर्ल्ड वाइड पोटेंशियल है। मुझे इंडियन ओशन कमीशन ऑफ ट्यूना के बारे में कहना है कि इसको भी पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के द्वारा जोड़ने की आवश्यकता है।

आखिर में, ऑर्नामेंटल फिशिंग हमारी सेकेंड मोस्ट पापुलर हॉबी है। वर्तमान में लगभग 18 से 20 बिलियन यूएस डॉलर का इसका मार्केट है। वर्तमान में जो फिश है, इसमें फ्रेश वाटर और मरीना वाटर फिश है। हमारे सिनारियो में जब हम देखते हैं, तो ऑर्नामेंटल फिशिंग .4 पर्सेंट है और हमारी रैंक 31 है। मंत्री जी, इसको आप देखेंगे तो इसे बढ़ाने की जरूरत है।

वर्तमान में एक्सपोर्ट 8.40 करोड़ रुपये है। इसको बढ़ाने की आवश्यकता है। यह 11 पर्सेंट की दर से बढ़ रहा है। इसको अगर बढ़ायेंगे तो लोगों को इसमें काम मिलेगा। जहां से मैं आता हूं, राजस्थान में इसकी बहुत पूछ है।

राजस्थान में महाराणा प्रताप यूनीवर्सिटी ने एग्रीकल्चर में ऑर्नामेंटल फिशिंग के बारे में बात रखी थी। इसको बढ़ाने का कम वर्ष 2006 में शुरू किया गया। इस काम में राज्य सरकार का भी योगदान जरूर मिला है। हमारे क्षेत्र में इनलैंड वाटर फिशिंग में भी ध्यान देने की आवश्यकता है। झालावाड़ और बारां के क्षेत्र में इनलैंड फिशिंग की डिमांड बढ़ रही है। आपने डिस्ट्रिक्टिवाइज जो आपने योजना दी है जिसमें इनलैंड फिशिंग की मात्रा बढ़ रही है। क्या हमारे क्षेत्र में आप मदद करने का प्रयास करेंगे?

आखिर में, मुझे कहना है कि जहां एरिड कंडीशन होती है, वहां ऑर्नामेंटल फिशिंग की फास्टर ग्रोथ होती है। इसमें बॉडी आर्नामेंटल फिशिंग की कलरेज होती है। इसमें इनका रीप्रोडक्शन सही समय पर होता है। इसकी एक्सपेंडिंग कैपेसिटी बहुत हो सकती है। हमारे यहां जयपुर, अजमेर और सभी क्षेत्र में इसका लाभ मिल सकता है। हमारे यहां इनलैंड फिशिंग की 8.78 पर्सेंट 9 साल में हुई है। यह ग्रोथ 131 लाख टन्स की है। इसकी ग्रोथ इसलिए हुई कि माानीय प्रधान मंत्री जी यह सोच है। उनकी सोच के साथ-साथ 2023-24 के इकोनॉमिक सर्वे में लिखा है कि लाइव स्टॉक में 7.38 पर्सेंट की ग्रोथ है, फिशरीज़ में 8.9 पर्सेंट की ग्रोथ है। यह ग्रोथ तब हो सकती है, जब हम लोग इस पर ध्यान देंगे।

मैं माननीय प्रधान जी को, डिपार्टमेंट के सभी अधिकारियों और डिपार्टमेंट के सभी लोगों को धन्यवाद देता हूं। मंत्री जी, मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप हमारे प्रांत राजस्थान के लिए भी अच्छी नीति बनाकर, सहयोग करके इनलैंड वाटर बेस को बढ़ाने का काम करेंगे, जिससे हमारे क्षेत्र में मछुआरों को काम मिल सकेगा। हमारे क्षेत्र में दुग्ध उत्पादन आगे बढ़े, अपने पशुओं को भी हम आगे ले जाएं और हमारे प्रांत के सभी जिलों में इसका लाभ मिले। मैं इसके लिए आदरणीय प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद को देता हूं, क्योंकि ?मोदी है तो मुमकिन है।?

SHRI BENNY BEHANAN (CHALAKUDY): Madam, I stand before you today with immense satisfaction to participate in the discussion on the Demands for Grants under the control of the Ministry of Fisheries, Animal Husbandry and Dairying for 2024-25.

This Budget Session has seen extensive deliberations on various critical sectors, including railway, education, and health, which undeniably hold significant administrative priorities. However, I wish to draw your attention to the pivotal role of fisheries and animal husbandry in the sustenance and well-being of humankind.

The protein essential for human growth is predominantly derived from fish and milk. Our current society witnesses numerous challenges faced by fishermen and local farmers who are the backbone of this sector. Their livelihoods are closely linked to the dynamics of fisheries and animal husbandry, making them vulnerable to any environmental and economic changes.

Madam, most of the fishermen and the livestock farmers are residing either in the seaside or in the valleys. The first casualty of every disaster is the poor people. A recent example is the Wayanad landslide which has vividly illustrated how environmental changes can have devastating effects on those who depend on fisheries and animal husbandry for their survival. Tragically, the majority of the lives lost in this incident were the farmers.

Additionally, coastal floods caused by high tides are increasingly affecting the fishermen, disrupting their livelihoods. Such incidents emphasize the urgent need to strengthen the sector, ensuring it more adaptive and efficient.

After the Independence, we witnessed two major revolutions, that is, the White Revolution and the Blue Revolution, and these Revolutions have shaped India's agricultural landscape but despite several years passing, these related sectors of agriculture have not been seen as equally important as other sectors and have not reaped the rightful benefits they deserve.

Madam, India has the total coastline of 7,516 kilometres including 2094 kilometres of inland territories and 5,422 kilometres of mainland coastline. Gujarat has the longest coastline in India and my State, Kerala, has the fifth longest coastline with 590 kilometres.

Fisheries and aquaculture continue to be the important source of food nutrition and livelihood for millions. The fisheries sector significantly contributes to the national economy with a share of total Gross Value Added (GVA) at cost prices for 2021-22 estimated up to Rs. 1,48,000 crore making it 1.07 per cent of the national GVA and 6.86 per cent of the agriculture GVA.

India is the second-largest producer of fish which globally accounts for 8.92 per cent. But the Union Budget 2024-25 has provisioned only Rs. 2,616.44 crore for various Centrally Sponsored Schemes and other infrastructural development under the Department of Fisheries. Yet, adequate discourse on the rights and well-being of the fishermen is often undermined. So, today, my intention is to bring this matter to your immediate attention.

The fishermen's community has the closest association with our seas and their livelihood is deeply intertwined with the waters. The 2016 Marine Fisheries Census accounts for a total population of 3.77 million fishermen in India and a total of 3,477 marine fishing villages.

Madam, India?s per capita fish consumption has reached up to 8.89 kilograms in 2021 from 4.9 kilograms in 2005. The fish-eating population has increased their consumption by 66 per cent from 7.43 kilograms to 12.33 kilograms. Fish has become an important source of protein for the people of India. But have we really counted and acknowledged the contribution of fishermen?

The fishermen of this country face a storm of challenges. The fishermen community is the most backward section of the country. Their livelihood is seasonal and the fish they catch are highly perishable goods, rendering them with minimal short-term financial returns

only. This unsubstantial remuneration causes their bargaining power to be low and leaves it conditional upon several external factors. The stress they endure is similar to tide loan which is ever present and overwhelming.

The other factor is their health. Their health is another tragic concern. The average life expectancy of a fisherman is just 55 years compared to the average Indian?s life expectancy, which is 70.8 years. This stark disparity arises because the fishermen often work without protective gear facing the merciless sea?s dangers daily. Exposure to harsh weather conditions, long hours on unstable boats and the physical toll of their labour ? all contribute to their deteriorating health. They are living in morbid conditions in India. Lack of job security adds another layer of stress, with no assurance of income or safety nets. Yet, their sacrifices remain in the shadows and unnoticed.

Madam, another critical issue they face is the devastating erosion and damage to their homes due to sea turbulence, violent storms and rising tides. Unfortunately, the compensation provided to them in these dire situations is grossly inadequate, failing to cover the costs of repair or relocation. The Government must urgently address this disparity to ensure that adequate and timely compensation is provided to safeguard these communities.

Further, in the name of benefiting fishermen, coastal tourism is promoted by opening up our shores to luxury resorts and commercial infrastructure. It is disrupting the marine ecosystem. These constructions, far from bringing prosperity, are eroding the very foundation of the fishermen?s livelihood. The noise, pollution and restricted access to traditional fishing areas push them further into the margins. However, natural tourism, which coexists harmoniously with the environment, should be encouraged. It is imperative that we protect our shores from the aggression of insensitive tourism-related construction to ensure that the true beneficiaries are the fishermen and not just the tourism industry.

Also, the introduction of a new coastal highway in Kerala poses a threat to the livelihood and homes of our fishermen. We already have NH66 which connects Kasargod with Thiruvananthapuram via Kannur, Kozhikode, Malappuram, Guruvayur, Kochi, Alappuzha, and Kollam. The proposed coastal highway would merely replicate what NH66 already provides. Moreover, NH66 is listed for expansion into a six-lane highway. The construction of a new coastal highway would displace numerous fisherfolk, and this cannot be justified for a redundant infrastructure project.

Madam, relocation away from the sea is not a viable solution for these fishermen. Their lives, culture and livelihoods are intricately linked with the ocean. Hence, the solution is the proper implementation and strict enforcement of Coastal Regulation Zones (CRZ) norms. It cannot be overlooked any further. These regulations can provide much-needed protection to our coastal communities and the ecosystems to ensure the sustainable livelihood of our fishermen.

The tribal communities in forest gets so many Constitutional protections. The fishermen are very poor like the tribes. So, we must provide them the Constitutional protection in the form of laws.

Sir, I would like to bring to your attention another issue pertaining to the fisheries in Kerala. The once-booming shrimp industry in Kerala is now grappling with a crisis of unprecedented proportions. America used to import $ 6 million worth shrimp every year from Kerala.

HON. CHAIRPERSON: Hon. Member, please conclude now.

? (*Interruptions*)

SHRI BENNY BEHANAN: Madam, I am the first speaker from my party. Please allow me some more time.

Recently, the US has imposed a ban on the Indian shrimp imports under the guise of sea turtle conservation which is significantly affecting the livelihoods of thousands of fishermen along our coasts. While such measures aim to protect the endangered turtles, they also bring significant challenges to our shrimp industry. There is a smaller number of turtles at the Kerala shores. They might convert it to frozen shrimp and use that in the future or might export it to other countries, but the poor fishermen do not benefit rather get economically crushed because of this. Interestingly, these restrictions do not impact the shrimp producers in Andhra Pradesh as they are cultivated in inland farming. But that is not the case for the shrimp industry in Kerala. As we navigate these new regulations, it is crucial to support our fishermen and explore viable solutions to sustain our shrimp industry.

Therefore, my suggestion to the Government is that aquatic reforms have to be implemented for the benefit of the traditional fishermen in the country. They should be rescued from all the miseries.

As far as the livestock is concerned, India processes extensive livestock and poultry resources. India remains the world?s largest milk producer with the milk production reaching 209.6 million tonnes.

I will point out quickly some issues faced by the animal husbandry and dairying industry. The White Revolution, introduced by former Prime Minister Indira Gandhi, was a transformative initiative that reshaped India's dairy industry. Amul, for example, is a shining beacon of this revolution. It has become synonymous with milk and dairy products across the nation. However, despite this remarkable success, the processing of milk byproducts in India remains woefully inadequate. Even though India is the biggest milk producer, its productivity is very low. When we compare it to Switzerland and other countries, their productivity is very high. They have also started producing some byproducts out of milk. While the countries worldwide have advanced far beyond the traditional offerings like ice cream and *pedas*, India lags behind in creating a diverse array of innovative dairy products. Nations have developed extensive ranges of fortified dairy products and specialized health-oriented options that cater to evolving consumer preferences.

HON. CHAIRPERSON: Hon. Member, please conclude now.

? (*Interruptions*)

SHRI BENNY BEHANAN: Madam, I would like to conclude my speech by pointing out some more issues.

Many worship cow as a God, yet they often fail to provide these animals with the best health and shelter facilities. This hypocrisy highlights a broader issue, ?Reverence without responsibility benefits no one.? I urge the Government to sincerely look into this matter.

Therefore, it is important that this Budget should provide substantial provisions to enhance the lives of individuals who rely on fisheries and animal husbandry. Regrettably, it is with a heavy heart that I must express my disappointment that the current Budget falls short of addressing these crucial needs. It lacks the necessary steps to ensure the well-being and sustainability of those whose livelihoods depend on this sector.

माननीय सभापति : माननीय सदस्य, मैंने आपको पांच-सात मिनट का अतिरिक्त समय दिया है, लेकिन अब तक कम्प्लीट नहीं हो पाया।

? (*Interruptions*)

SHRI BENNY BEHANAN: Madam, I want to conclude with my last sentence.

I urge this esteemed House to recognise the significance of fisheries and animal husbandry and to amend the Budget to reflect a greater commitment to improving the conditions of our fishermen and farmers. Their contributions to our society are invaluable and it is our duty to support them in every possible way.

Thank you very much.

14.00 hrs

श्री नरेश चंद्र उत्तम पटेल (फतेहपुर) : सभापति महोदया, आपने मुझे पशुपालन और मत्स्यपालन के बजट पर चर्चा करने के लिए मौका दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

महोदया, हमारे देश की सांस्कृतिक धरोहर में पशुपालन और मत्स्यपालन का विशेष महत्व रहा है। भारतीय संस्कृति और पौराणिक कथाओं में पशुपालन का गहरा नाता है। महाभारत जैसे काव्य में भगवान श्रीकृष्ण को गायों का चरवाहा बताया गया है, जो पशुपालन की महत्ता को दर्शाता है। गोकुल और वृंदावन में गायों का पालन-पोषण भारतीय समाज के लिए आदर्श माना गया है। भारतीय परम्परा में पशुधन का महत्व इतना अधिक रहा है कि कामधेनु को मानव की समस्त इच्छाओं का पूरक माना गया है। कामधेनु को सर्व कामधुक भी कहा जाता है। इसको हमारी धार्मिक कथाओं में एक दिव्य गाय के रूप में देखा गया है, जो अपने धारक को हर प्रकार की समृद्धि और सुख प्रदान करती है।

महोदया, इसी प्रकार मत्स्यपालन का भी हमारी संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान है। मत्स्य अवतार में भगवाण विष्णु ने मत्स्य रूप में प्रकट होकर मानवता की रक्षा की थी। ये कथाएं न केवल धार्मिक महत्व को रखती हैं बल्कि यह भी दर्शाती हैं कि मत्स्यपालन कितनी पुरानी और महत्वपूर्ण परम्परा है। पशुपालन और मत्स्यपालन किसानों और मछुआरों के जीवन में न केवल आर्थिक रूप से समृद्धि लाते हैं बल्कि हमारे सांस्कृतिक और धार्मिक जीवन का अभिन्न हिस्सा भी हैं। आज भी ग्रामीण जीवन इनकी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। हमें इन परम्परा को संजोए रखना चाहिए।

महोदया, भारत की अर्थव्यवस्था में पशुपालन की महत्वपूर्ण भूमिका है। भारत दुनिया में सबसे अधिक पशुपालन करने वाला देश है, जिसकी कुल संख्या लगभग 535.78 मिलियन है। लगभग 20.5 मिलियन लोग अपनी आजीविका के लिए पशु पर निर्भर हैं। पशुधन ने छोटे किसानों के परिवारों की आय में 16 परसेंट का योगदान दिया है, जबकि सभी ग्रामीण परिवारों के लिए यह औसत 14 परसेंट है।

महोदया, पशुधन ग्रामीण समुदाय के लिए दो-तिहाई लोगों की आजीविका प्रदान करता है। यह भारत में लगभग 8.8 परसेंट आबादी को रोजगार भी प्रदान करता है। भारत में पशु संसाधन विशाल है। वर्तमान जलवायु परिवर्तन की दौर में, जहां मानसून की अनियिमितता या मौसमी विभीषिकाएं फसलों को तबाह कर देती हैं, उस वक्त ये पशुधन ही किसानों के लिए सहारे का काम करते हैं। इसके अलावा पशुधन, मत्स्यपालन हमारे सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवथा की भी रीढ़ हैं। ये न केवल स्थायी आजीविका प्रदान करते हैं बल्कि हमारे समाज को स्थायित्व और सुरक्षा भी प्रदान करते हैं।

महोदया, दुर्भाग्य है कि वर्ष 2024-25 के बजट में यह सरकार इस महत्वपूर्ण क्षेत्र को प्राथमिकता नहीं दे रही है। वर्ष 2023-24 में पशुपालन और डेयरी के लिए राजस्व बजट 4289.09 करोड़ रुपये से घटाकर 4283.57 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

वहीं पशुधन, स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण के कार्यक्रम के बजट में मामूली वृद्धि करते हुए इसे 2,349.70 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2,465 करोड़ रुपये किया गया है। यह वृद्धि भी इस क्षेत्र की व्यापक जरूरतों को पूरा करने के लिए अपर्याप्त है। सरकार द्वारा उठाए गए ये कदम पशुधन एवं मत्स्यपालन क्षेत्र की जरूरतों को अनदेखा करते हैं। मौजूदा बजट आवंटन में इस क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भी यह अपर्याप्त है।

इसके अलावा पिछले वित्तीय वर्ष में मछली योजना, पशुपालन विभाग में संशोधित बजट को घटा दिया गया था। सरकार की इस उदासीनता के चलते, उनकी इस क्षेत्र के विकास की गंभीरता को प्रकट करता है। इस क्षेत्र के लिए अधिक धन आवंटन की आवश्यकता है, ताकि पशुधन और मत्स्यपालन के माध्यम से हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सके और देश को और समृद्ध किया जा सके।

महोदया, उत्तर प्रदेश सबसे बड़ा राज्य है। पशुओं के संरक्षण के लिए पर्याप्त बजट की व्यवस्था नहीं है। मेरी लोक सभा क्षेत्र फतेहपुर में छुट्टा जानवरों से सबसे ज्यादा किसान परेशान हैं एवं छुट्टा जानवर भी जीवन और मौत से जूझ रहे हैं। उनके लिए सरकार द्वारा इस तरीके का कोई इंतजाम नहीं किया गया है, ताकि उनके लिए चारे का

महोदय, इस बजट में कई महत्वपूर्ण योजनाओं और परियोजनाओं के लिए वित्तीय प्रावधान किए गए हैं । लाइवस्टॉक हेल्थ एंड डिसीज कंट्रोल प्रोग्राम के लिए 2,465 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो राज्य सरकारों को टिकाऊ पशु स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए केन्द्रीय सहायता प्रदान करेगा । इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड के तहत 370 करोड़ रुपये का प्रावधान है, जो दूध की प्रोसेसिंग और चिलिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर और गांव स्तर पर मिल्क एडल्ट्रेशन टेस्टिंग उपकरणों के लिए है । राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत 700 करोड़ रुपये का प्रावधान है, जिसका उद्देश्य देसी नस्लों के संरक्षण और विकास को वैज्ञानिक और समग्र तरीके से करना है । डेयरी डेवलपमेंट कार्यक्रम के लिए 371 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो विभिन्न दुग्ध संघों और राज्य दुग्ध संघों को मंजूर परियोजनाओं के लिए वितरित किया जाएगा । इन योजनाओं और परियोजनाओं का मुख्य उद्देश्य हमारे किसानों और पशुपालकों की आय में वृद्धि करना है ।

महोदय, मैं मंत्रालय से संबंधित कुछ सुझाव देना चाहता हूं । मेरा पहला सुझाव है - उन्नत नस्लों का प्रचार और प्रसार । भारत दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है, लेकिन हम अभी भी दुग्ध उत्पादन में कई समस्याओं का सामना कर रहे हैं । वर्ष 2023-24 में भारत ने लगभग 220 मिलियन टन दूध का उत्पादन किया । मेरा सुझाव है कि उन्नत नस्लों जैसे फ्रीजियन, जर्सी और साहीवाल को बढ़ावा देने के लिए विशेष नस्ल सुधार कार्यक्रम चलाए जाएं । इन नस्लों के लिए विशेष प्रशिक्षण और प्रचार-प्रसार अभियानों का आयोजन किया जाए ।

महोदय, मेरा दूसरा सुझाव है - आधुनिक तकनीकों का उपयोग । हाल ही में, भारत में दुग्ध उत्पादन में स्वचालित उपकरणों की कमी का सामना देखा गया है । केवल 20 प्रतिशत दुग्ध उत्पादक ही दूध निकालने की मशीनों का उपयोग कर रहे हैं, जबकि अन्य 80 प्रतिशत पारम्परिक विधियों पर अब भी निर्भर हैं । सरकार को स्वचालित दूध निकालने की मशीनों, दूध परीक्षण उपकरणों और अन्य आधुनिक तकनीकों को सब्सिडी प्रदान करनी चाहिए । इसके लिए एक विशेष योजना की शुरुआत की जाए, जिससे छोटे किसानों को भी इन उपकरणों की पहुंच सुनिश्चित हो सके ।

महोदय, मेरा तीसरा सुझाव है ? पशु स्वास्थ्य और आहार प्रबंधन । भारत में दुग्ध उत्पादन में पशु स्वास्थ्य और आहार प्रबंधन की स्थिति चिंताजनक है । वर्ष 2023 में पशुओं में होने वाली बीमारियों की वजह से लगभग 15 प्रतिशत दुग्ध उत्पादन प्रभावित हुआ है । नियमित पशु चिकित्सा जांच, टीकाकरण कार्यक्रम और बीमारियों की रोकथाम के लिए सरकार को एक व्यापक कार्यक्रम शुरू करना चाहिए । पशुपालकों को आहार प्रबंधन पर प्रशिक्षण देने की कार्यशालाएं चलानी चाहिए ।

मेरा अगला सुझाव है ? नवीन तकनीकों को अपनाना । भारत में मछली पालन के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों का उपयोग देखा गया है । वर्ष 2024 में मछली पालन के लिए नवीनतम तकनीकों का उपयोग केवल 25 प्रतिशत मछली पालकों के द्वारा किया गया है । मछली पालन के लिए नवीनतम तकनीकों का प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विशेष कार्यक्रम और कार्यशालाएं आयोजित की जाएं ।

मेरा अंतिम सुझाव है ? मछली पालन में प्रशिक्षण और शिक्षा । मछली पालन के क्षेत्र में किसानों को आवश्यक प्रशक्षिण की कमी है । केवल 30 प्रतिशत मछली पालक ही सही प्रबंधन विधियों और आहार प्रबंधन से परिचित हैं ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि पशुपालन और डेयरी विभाग के लिए प्रस्तावित बजट न केवल आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय स्थिरता के लिए भी आवश्यक है । हमारे देश के ग्रामीण क्षेत्रों में समृद्धि लाने के लिए इस बजट का प्रभावी क्रियान्वयन आवश्यक है ।

इस महत्वपूर्ण उद्देश्य की पूर्ति के लिए मैं इन अनुदानों की मांग का समर्थन करता हूं ।

SHRI MADDILA GURUMOORTHY (TIRUPATI): Hon. Chairperson, Sir, for the financial year 2024-25, the Animal Husbandry and Dairy Development Department received an increased allocation of Rs. 4,931 crore. Maintaining this funding is essential for improving disease control and competitiveness, diary exports and milk productivity. The Department of Fisheries? Budget has increased to Rs. 2,616 crore despite the Standing Committee Report highlighting the gaps in production, investment, infrastructure and expertise that limit the sector?s potential. The blue economy is particularly vulnerable. It depends on climate change and geopolitical uncertainties.

It is important to develop some measures to store products and ensure cold chain facilities. Hence, I request the hon. Minister to sanction more funds to Andhra Pradesh, which is a major contributor to marine exports and shrimp production.

The second point is this. As per the Standing Committee Report, only three fish landing centres were being developed in the year 2022-23. We made several representations to the Government of India to develop a fish landing centre in the Tirupati Parliamentary Constituency, but the Government sanctioned a fish landing centre at Pudirayadoruvu. The land survey and site allotment were completed but the grounding of work has not yet started. I request the Minister to release the sanctioned funds for early grounding and completion of the fish landing centre at Tirupati Parliamentary Constituency.

My third point is this. Pulicat Lake is the second largest brackish water lake next to the Chilika Lake with an extent of 461 sq. kms., out of which 400 sq. kms. falls in Andhra Pradesh and 61 sq. kms. falls in the State of Tamil Nadu. This is a livelihood for 20,000 fishermen families which have been subsisting exclusively on fishing on this lake for generations. The southern portion of the Pulicat in Tamil Nadu is quite deeper and water remains throughout the year, whereas the northern portion of the Andhra Pradesh area is shallow with a depth below 0.5 metres due to sandbar formation across the mouth getting dried up for a major period of the year. These 20,000 fishermen families? livelihoods are under threat due to the depletion of fishery resources in the lake and the siltation of navigable channels. We represented several times to the Union

Government for opening the sea mouth of the Pulicat Lake. Finally, the Union Government approved Rs. 97 crore under the Sagarmala Project for opening the sea mouth of the Pulicat Lake.

I urge the Ministry of Fisheries, Animal Husbandry and Dairying, and the Ministry of Ports, Shipping and Waterways to consider the immediate need and release grants to open the sea mouth of Pulicat Lake at Kondurupalem and Pudirayadoruvu areas.

The fourth point is this. The Pulicat Lake is spread across seven *mandals* in my parliamentary constituency. Fishermen residing in this region face considerable challenges due to lack of efficient road connectivity. This is hampering the residents? access to educational institutions, Government services, and other critical amenities, thereby affecting their overall quality of life. In this regard, I request the Ministry of Fisheries, Animal Husbandry and Dairying, the Ministry of Road Transport and Highways, and the Ministry of Environment, Forest and Climate Change to accord permission for the development of road connectivity in the Pulicat Lake region for hassle-free movement and overall development of the fishermen community.

Sir, my fifth point is this. The PMMSY aimed at sustainable and responsible development of the fisheries sector received a budgetary allocation of Rs. 2,352 crore, up from financial year 2024 Budget Estimate of Rs. 2,000 crore, a 17.6 per cent increase. However, as PMMSY enters its final year of implementation, the Department of Fisheries needs to expedite and overcome several challenges in the effective implementation of the scheme.

Tirupati Parliamentary Constituency has an 80-kilometre coastline, with local fishermen from very poor backgrounds relying on traditional fishing methods and motor boats with 5HP engines. Currently, under the PMMSY Scheme, only 40 per cent subsidy is provided for purchasing boats and nets. This level of subsidy places a significant financial burden on the fishermen community. To alleviate this burden and support their livelihoods more effectively, it is essential to increase the subsidy to 75 per cent.

The fisheries sector also faces gaps in infrastructure, technology, skilled manpower and extension services. There is also limited financial inclusion and social protection for fishermen with inadequate access to credit and insurance. Additionally, there is insufficient awareness and compliance with regulatory frameworks impacting the sector?s sustainability and competitiveness.

Finally, I would like to request the hon. Minister to implement the suggestions shared for fisheries, livestock and dairy sectors. Thank you, Sir.

SHRI E. T. MOHAMMED BASHEER (MALAPPURAM): Sir, thank you very much for giving me this opportunity.

When we talk about fishermen, we feel sympathetic towards them and we must be sympathetic towards them also. It is because of the hard work that they do, and they have 24X7 type of work. The risk factor involved in their work is also there and they have a seasonal kind of a situation. As a result of all these factors they are suffering a lot. Since there is not much time for me, I would like to mention a few things in brief.

The first threat is regarding the international maritime boundary line and its violations. Everybody knows that innocent fishermen are unnecessarily brought into various difficulties. I hope that the hon. Minister is fully aware of all these things and will take appropriate action at the higher levels in this regard also.

There is another threat now hanging as the sword of Damocles, that is subsidy challenges. Internationally, there is pressure on the part of WTO to reduce or eliminate subsidies provided to the Indian fishermen. We can very well imagine if subsidy is also reduced or eradicated, then what will be their situation. So, I would humbly request the Government not to yield to that kind of pressure. We have to be sympathetic to fishermen and should not agree to these kinds of things whatever maybe the pressure.

Now, I would like to mention about the economic empowerment of the fishermen. There are different schemes for them, but their implementation is very poor. As regards the Sagar Parikrama Scheme, *prima facie*, it seems a very good scheme, but as far as its implementation is concerned, it is very poor. I would humbly request the hon. Minister to examine it and revive the scheme or kindly give special attention to whatever may be the shortcomings in the scheme and to get it resolved as well.

There is another threat with regard to shrimp export and we are in the forefront of it. We export to America and for the last five years America has banned receiving our exported shrimps. The reason given for it is that the turtles are not given proper consideration by the Government. I am not against making any law, but there is no reasonable argument on the side of the US in banning this export. I would humbly request the hon. Minister to intervene in the matter because we all know that export to America is very good for our fishermen. Our shrimp export was banned in 2019 and it is five years since this ban came into force. In 2023-2024, Rs. 60.52 crore worth of marine products were exported out of which 60 per cent was shrimp. So, it was a very good thing for us. We are having very good diplomatic relations with everybody including America. So, kindly examine where the hurdle lies in resolving it. I would like to say that we must take a firm stand with America and convince them about the fact that we are not disturbing the turtles.

Sir, imparting education to fishermen is very important. I would request the Government to start more educational institutions and arrange for a special type of concession concerning the backwardness of the fishermen in the coastal area.

Infrastructure development exclusively for the coastal area like road, connectivity, fishermen port etc. is very important. The subject of sea erosion used to be dealt with by the Central Government but the Government has transferred the responsibility to the State Government. In my constituency, sea erosion takes place in a big way. The Government must discuss it with the State Government and ensure that the funds are utilised properly with regard to soil erosion.

Lastly, appropriate action should be taken to use funds. You are allocating budget but I would like to ask the Government to make a threadbare analysis of the expenditure as mentioned in the Budget. These are all certain things that need to be taken into consideration.

I hope that the hon. Minister and the Government will be sympathetic to the neglected section of the society.

***m63 श्री मितेश पटेल (बकाभाई) (आणंद) :** धन्यवाद माननीय सभापति जी, सर्वप्रथम मैं विश्व नेता, विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए दृढ़ता से प्रयासरत भारत के यशस्वी प्रधान सेवक आदरणीय प्रधान मंत्री जी को तीसरी बार प्रधान मंत्री बनने पर हार्दिक बधाई देता हूं । मैं देश के 140 करोड़ लोगों का आभार प्रकट करता हूं कि एक नकारात्मक, असत्य और भ्रमित करने वाले दुष्प्रचार के बावजूद भी उन्होंने अपने परिश्रमी प्रधान सेवक को तीसरी बार सेवा का अवसर दिया और विकसित भारत बनाने हेतु सही निर्णय लिया ।

महोदय, यह हमारे देश के लिए गौरव का क्षण है । मेरा संसदीय क्षेत्र आणंद है, सरदार साहब की कर्मभूमि है और अमूल डेयरी की स्थापना भी वहीं हुई थी । सरदार साहब ने ही अमूल डेयरी की स्थापना की थी । मेरे क्षेत्र के मतदाताओं का मैं दिल से आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने दूसरी बार मुझे लोक सभा में चुनकर भेजा है ।

महोदय, पिछले 10 साल में इस देश ने कई गौरवपूर्ण क्षण देखे हैं । चाहे राम मंदिर निर्माण हो, सर्जिकल स्ट्राइक हो, जी 20 का सफल आयोजन एवं अध्यक्षता हो । पिछले दस सालों से देश के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति सर्वोच्च पद पर पहुंचे हैं जिससे गरीबों का गौरव और आत्मविश्वास बढ़ा है । पूर्व में आपातकाल जैसी विभीषिका झेलने के उपरांत गरीबों को मोदी जी ने विश्वास दिलाया है कि अब लोकतंत्र को कोई भी परिवारवादी पंजा कमजोर नहीं कर पाएगा ।

महोदय, माननीय मोदी जी के नेतृत्व में पशुपालन और दुग्ध विभाग भी अपने अब तक के सबसे बेहतरीन समय को देख रहा है एवं किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार का एक महत्वपूर्ण फैक्टर बना हुआ है ।

पशुधन क्षेत्र में वर्ष 2014-15 से 2021-22 तक 13.36 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ी है । कृषि और संबद्ध क्षेत्र में पशुधन का सकल मूल्य संवर्धन कुल योगदान वर्ष 2014-15 में 24.38 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2021-22 में 30.19 प्रतिशत हो गया है । पशुधन क्षेत्र ने वर्ष 2021-22 में कुल सकल मूल्य संवर्धन (जीवीए) में 5.73 प्रतिशत का योगदान दिया । भारत सरकार द्वारा किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है । इसी बात को ध्यान में रखते हुए सरकार ने पशु किसान क्रेडिट कार्ड योजना का आरंभ किया है । जारी किए गए क्रेडिट कार्ड वाले किसान इसे बैंक में डेबिट कार्ड की तरह उपयोग कर सकते हैं । पशु किसान क्रेडिट कार्ड योजना में नामांकित पशुपालकों के लिए प्रति भैंस 60 हजार रुपये और प्रति गाय 40 हजार रुपये का ऋण उपलब्ध है । क्रेडिट कार्ड धारक सुरक्षा की आवश्यकता के बिना 1.60 लाख रुपये तक पहुंच सकते हैं ।

महोदय, दूध उत्पादन सबसे बड़ी कृषि वस्तु है, जो राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में 5 प्रतिशत योगदान देती है और 8 करोड़ से अधिक किसानों को सीधे रोजगार देती है । भारत दूध उत्पादन में पहले स्थान पर है और वैश्विक दूध उत्पादन में 24.64 प्रतिशत का योगदान देता है । दूध उत्पादन पिछले 9 वर्षों में 5.85 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ रहा है । यह वर्ष 2014-15 के 146.31 मिलियन टन से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 230.58 मिलियन टन हो गया है । वर्ष 2021 की तुलना में वर्ष 2022 के दौरान विश्व दूध उत्पादन में 0.51 प्रतिशत की वृद्धि हुई है । वर्ष 2022-23 के दौरान भारत में प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 459 ग्राम प्रति दिन थी, जबकि 2022 में विश्व औसत 322 ग्राम प्रति दिन थी ।

महोदय, देश में आईवीएफ टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देकर आज तक कार्यक्रम के तहत स्थानांतरित किए गए 10,331 भ्रूणों और 1621 बछड़ों में से 19,124 जीवनक्षम भ्रूण पैदा किए गए हैं । पशुपालन और डेयरी विभाग ने एनडीडीबी के साथ एक डिजिटल मिशन "राष्ट्रीय डिजिटल पशुधन मिशन (एनडीएलएम)" शुरू किया है । इससे पशुओं की उत्पादकता में सुधार करने, पशुओं और मनुष्यों दोनों को प्रभावित करने वाली बीमारियों को नियंत्रित करने, घरेलू और निर्यात बाजारों दोनों के लिए गुणवत्तापूर्ण पशुधन और पशुधन को सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी ।

महोदय, डेयरी विकास के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम "राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (एनपीडीडी)" लागू कर रहा है । जुलाई 2021 में राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (एनपीडीडी) योजना का पुनर्गठन किया गया । इसका उद्देश्य दूध और दूध उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाना और संगठित खरीद, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और विपणन की हिस्सेदारी बढ़ाना है, ताकि वर्ष 2021-22 से वर्ष 2025-26 तक इसका कार्यान्वयन किया जा सके । किसानों को उपभोक्ता से जोड़ने वाली कोल्ड चेन अवसंरचना सहित गुणवत्तापूर्ण दूध के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण और उसे मजबूत करना है ।

महोदय, मैं यहाँ उल्लेख करना चाहूंगा की मैं जिस संसदीय क्षेत्र से आता हूँ, वहां दुग्ध क्षेत्र की सबसे बड़ी सहकारी डेयरी अमूल स्थापित है, इस नाते मेरा अनुभव और विचार है कि पशुपालन क्षेत्र में विभिन्न योजनाएं और उनसे संबंधित कार्य के बारे में कुछ बिंदुओं पर कार्य हो और अनुदान दिया जाए । आनंद में एनडीडीबी, अमूल और वेटरिनरी कॉलेज होने के कारण आधुनिक तकनीक जैसे सीमेन सेक्सिंग और टेस्ट ट्यूब बेबी आईवीएफ तकनीक का उपयोग करके जिले में प्रति पशु उत्पादन बढ़ाया जा सकता है । यह कार्य वर्तमान में प्रगति पर है ।

महोदय, एनडीडीबी, अमूल और वेटरिनरी कॉलेज द्वारा राज्य में आधुनिक पशु रोग निदान और पशु पोषण विश्लेषण के लिए एनएबीएल प्रमाणित प्रयोगशाला की स्थापना आवश्यक है । आनंद और मध्य गुजरात पॉल्ट्री उद्योग के लिए पूरे देश में जाना जाता है । गुजरात में अंडों की कीमत निर्धारण में आनंद जिले का बड़ा योगदान है । दूध की गुणवता और मूल्य निर्धारण के लिए मानक पद्धति विकसित करना भी जरूरी है । इसी तरह से दूध की गुणवत्ता की जांच भी जरूरी है ।

महोदय, पशु अस्पतालों में एक अति आवश्यक जरूरत के बारे में मैं संबंधित विभाग के मंत्री जी से आग्रह करूंगा की अनुदान की व्यवस्था की जाए । पशु अस्पतालों में यदि पशु गंभीर रोग से ग्रसित हो और किसान रुक कर या पशु को भर्ती करके इलाज कराना चाहे तो उस तरह की सुविधा पशु अस्पतालों में नहीं है । मैं मंत्री जी से अनुरोध करूंगा की उसके लिए व्यवस्था की जाए ।

महोदय, अंत में अपने क्षेत्र की एक मांग शिक्षा मंत्रालय से करना चाहूंगा कि मेरा लोक सभा क्षेत्र आनंद, जो लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल जी की कर्मस्थली रही है और महान शिक्षाविद आदरणीय भाइ काका जी और आदरणीय भीखाभाई पटेल जी की जन्म भूमि है, वहां एक कल्चरल सेंटर चालू है, मैं चाहूंगा कि सरकार विद्यानगर में आईआईटी और आईआईएम जैसे अंतर्राष्ट्रीय संस्थान खोले । धन्यवाद ।

डॉ. कल्याण वैजीनाथराव काले (जालना) : सभापति महोदय, मैं सबसे पहले आपको धन्यवाद देता हूं, क्योंकि आपने मुझे इस बजट में कृषि मंत्रालय के अधीन आने वाले एनिमल हसबेंडरी और फिशरीज विभाग पर अपनी बात रखने का मौका दिया । माननीया वित्त मंत्री जी ने कृषि मंत्रालय के अंदर जो बजट पेश किया है, उसमें कुछ जगहों पर बजट में बहुत बड़ी कटौती हुई है । जैसे हमारे 369 करोड़ रुपये डिक्रीज किए गए हैं, जो 64.55 परसेंट के बराबर है । यह एक्चुअल एक्सपेंडिचर वर्ष 2022-23 में हुआ था ।

सभापति महोदय, मैं एक और बात कहना चाहूंगा । हमारे एक सहयोगी सदस्य ने ?राष्ट्रीय गोकुल मिशन? की बात कही है । इस वर्ष के बजट में ?राष्ट्रीय गोकुल मिशन? के लिए कोई प्रावधान ही नहीं किया गया है । यह समझ में ही नहीं आ रहा है कि आप इस वर्ष ?राष्ट्रीय गोकुल मिशन? में कुछ धनराशि देने वाले या नहीं देने वाले हैं? यदि कुछ देना है, तो मैं इसमें कुछ सुझाव देना चाहता हूं ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार, वित्त मंत्री जी एवं मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री जी से कुछ कहना चाहूंगा । वर्ष 2019-20 और 2022-23 में हमारे देश में राजस्थान से लंपी नामक स्किन बीमारी फैलनी शुरू हुई थी । फिर वह बीमारी पूरे हिन्दुस्तान में फैली । उसमें करीब-करीब 2,00,000 गाय-भैंसों की मृत्यु हुई थी । किसानों को राहत देने के लिए सरकार ने कोई भी धनराशि नहीं दी । एक गाय या भैंस की कीमत करीब-करीब 50,000 रुपये होती है ।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से एक और बात कहूंगा । महाराष्ट्र में खासतौर से विदर्भ और मराठवाड़ा में बारिश की कमी के कारण वहां के किसानों को हमेशा अकाल का सामना करना पड़ता है । उसकी वजह से यदि किसान आत्महत्या न करे, यदि वह ख़ुदकुशी न करे, हमें उनके लिए दूध (डेयरी) व्यवसाय के माध्यम से कुछ सुझाव देना चाहिए । यदि उनको कुछ देना है, तो सरकार को कुछ न कुछ जरूर देना चाहिए । सरकार को क्लस्टर जोन का डेवलेपमेंट करना चाहिए, ऐसा मेरा सुझाव है । हमारे बहुत से सहयोगी सदस्यों ने भी बताया है कि हमारी गायों की जो देशी नस्लें हैं, उसमें उनका विकास हो । हमें क्लस्टर के अंदर सारी चीजें एक ही जगह पर मिलें ।

महोदय, जैसे कि 10 गायें हैं । हमने ?राष्ट्रीय गोकुल मिशन? में 200 गायों के लिए काम किया है । क्या किया है, पता नहीं किसे दिया है? यदि हमारे छोटे किसानों को 10 गायों की एक यूनिट दी जाती, यदि उस क्लस्टर को 10 से 25 गांवों तक बढ़ाया जाए, तो वहां कुछ न कुछ जरूर विकास होगा । उससे हमें किसानों को सारी सुविधाएं देने में आसानी होती है । जैसे आज की तारीख में मैंने आपसे बात की है । मराठवाड़ा और विदर्भ में बारिश कम होने के कारण अकाल पड़ता है । सबसे बड़ी चिंता तो इस बात की होती है कि फॉडर मैनेजमेंट कैसे हो । उनके खाद के लिए क्या करें? यदि क्लस्टर में किया जाए, तो मैं फॉडर मैनेजमेंट के बारे में एक और बात कहूंगा ।

साइलोज बनाने की जो छोटी-छोटी मशीनें हैं, साइलेज बनाने के लिए जो मशीन होती हैं, यदि हम किसानों को वह मशीनें सब्सिडी पर दें, ताकि वे साइलोज में कुछ प्रिजर्व करके रख सकें । हम मराठी में उसको ?मुरघास? बोलते हैं । उसके लिए बंकर बनाएं, उसके लिए वेल की मशीन दें, ताकि हमेशा के लिए हमारे किसानों की फॉडर की समस्या खत्म हो जाए । जो लोग अकाल की वजह से चिंतित हैं, वे चिंतित नहीं रहेंगे एवं जो लोग आत्महत्या करते हैं, वे आत्महत्या भी नहीं करेंगे । इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से यह बात कहना चाहूंगा ।?(व्यवधान)

सभापति महोदय, मैं दूध एवं किसानों पर पहली बार बोल रहा हूं । मुझे थोड़ा और समय दीजिए । मैं दूध के बारे में यही कहूंगा कि दूध में बहुत बड़ी तादाद में मिलावट होती है, जिसकी वजह से किसानों को दूध के दाम कम मिलते हैं । यदि यह मिलावट रुक जाए, तो किसानों को दूध के अच्छे दाम मिलेंगे । दूसरी बात यह भी है कि दूध में मिलावट के साथ-साथ, हमारी सरकार एक तरफ तो दूध का पाउडर दूसरे देशों से इंपोर्ट करती है । उसकी वजह से पाउडर प्लांट वाले दूध के दाम कम कर देते हैं ।

सभापति महोदय, अंत में, मैं इतना ही कहूंगा कि हमारे विदर्भ और मराठवाड़ा में एनडीडीबी और वीएमडीडीबी ने एक फ्रूट एंड वेजिटेबल लिमिटेड नामक कंपनी से कहा है । मदर डेयरी के साथ एक एग्रीमेंट किया है ।?.(व्यवधान) विदर्भ और मराठवाड़ा में जो जिले हैं, उनमें सभी जिले शामिल नहीं किए हैं । अगर उसके अंदर सारे जिले समाहित हो जाएं, तो हमारा काम हो जाएगा और वह काम और भी अच्छा होगा ।?(व्यवधान)

सभापति महोदय, जो दूध (डेयरी) का बिजनेस है, उसको एक इंट्राप्रेन्योर और इंडस्ट्रियल बेस पर देखा जाए, ताकि आगे चलकर अच्छे से अच्छा काम हो सके ।?(व्यवधान) मैं अंत में इतना ही कहूंगा कि हमारे पूरे हिन्दुस्तान में कहते हैं कि गाय हमारी माता है । आपने देशी गाय के लिए कोई भी योजना लागू नहीं की है । मैं आपके माध्यम से सरकार से इसके लिए विनती करना चाहूंगा ।

महोदय, अंत में, मैं यह भी कहना चाहूंगा कि गायों के लिए इंश्योरेंस का कोई प्रावधान नहीं किया गया है ।?(व्यवधान) गायों के लिए कोई इंश्योरेंस की योजना लाई जाए ।?(व्यवधान)

श्री अमरा राम (सीकर) : सभापति महोदय, मुझे मछलीपालन, पशुपालन और डेयरी पर चर्चा में भाग लेने का आपने समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं ।

महोदय, राजस्थान पशुपालन में अग्रणी राज्यों में है । राजस्थान में गाय और बछड़ों के लिए मेले लगते थे, जिनमें हजारों करोड़ रुपये राजस्थान के किसानो को मिलते थे । बछड़ों पर पाबंदी लगाकर, गाय, बछड़ा और उनको पालने वाले किसान को मारने का काम मैं समझता हूं कि इस राजनीति ने किया है ।

महोदय, जहां तक दूध का सवाल है, सबसे अधिक दूध पैदा करने वालों में मैं समझता हूं कि राजस्थान आता है । लेकिन किसान को उसके दूध की लागत की कीमत नहीं मिलती है, इसलिए मेरा आपके माध्यम से मंत्री जी और सरकार से निवेदन है कि सरकार दूध का लाभकारी मूल्य तय करने का काम करे । फोडर की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन दूध की कीमतें नहीं बढ़ रही हैं, इसलिए किसान हतोत्साहित है । किसान को 35 परसेंट इनकम खेती के अलावा दूध और पशुपालन से होती है । दूध और दूध प्रोडक्ट, जैसे- पनीर और मावा, केमिकल से बन रहे हैं । इसको रोकने के लिए सरकार के द्वारा कोशिश करने की आवश्यकता है । फूड एडलट्रेशन की जांच के लिए लैब संभाग मुख्यालय में भी नहीं है । इसलिए लैब की व्यवस्था करायी जानी चाहिए । किसान को पशुपालक को बचाने के लिए दूध और दूध उत्पाद पर आयात टैक्स को बढ़ाने से राजस्थान और देश के किसान को प्रोत्साहन मिलेगा ।

राजस्थान भेड़ और बकरी पालन में देश में अग्रणी है । माईनोरिटी के मुस्लिम इसके व्यापारी हैं और पशु क्रूरता के नाम पर जिस तरह का उनसे ट्रीटमेंट किया जाता है, वह सही नहीं है । राजस्थान की भेड़ और बकरियां पूरे देश में जाती हैं । भेड़ की ऊन को बेचने पर जो कीमत मिलती थी, वह आज की तारीख में न के बराबर हो गयी है । बाहर से ऊन आयात की जाती है, लेकिन अगर हमारी स्वदेशी ऊन को प्रोत्साहन देने का काम किया जाना चाहिए । अगर किसान खुशहाल होगा तो खेती के अलावा दूध और पशुपालन से होगा । अगर किसान खुशहाल होगा तो देश खुशहाल होगा । धन्यवाद ।

श्री अभय कुमार सिन्हा (औरंगाबाद) : सभापति महोदय, आपने मुझे मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी पर चर्चा में भाग लेने का समय दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं ।

महोदय, वर्ष 2023-24 के संशोधित बजट में विभाग के लिए 59 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे । वर्ष 2024-25 के बजट में इसे घटाकर 51.03 करोड़ कर दिया गया है । यह महत्वूर्ण कमी इस मंत्रालय की कार्यक्षमता को निश्चित तौर पर बाधित करेगा । डेयरी विकास के बजट को 506.99 करोड़ रुपये से घटाकर 377 करोड़ रुपये कर दिया गया है । यह कटौती डेयरी उद्योग को गंभीर क्षति पहुंचाएगी, जो कि हमारे ग्रामीण क्षेत्र के लाखों लोगों की आजीविका का आधार है । नेशनल लाइवस्टॉक मिशन का बजट वर्ष 2023-24 में 410 करोड़ रुपये का था । उस बजट को घटाकर 324 करोड़ रुपये कर दिया गया है । यह मिशन पशुधन की उत्पादकता और उनके स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक है । यह घटाव निश्चित तौर पर इसे प्रभावित करेगा ।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी का ध्यान इस ओर आकर्षित कराना चाहूंगा कि ऐसे छोटे-छोटे पशुपालक जो ऋण लेकर और अपने स्तर पर गाय, भैंस या बकरी की खरीद करते हैं, चूँकि इसके साथ बहुत बड़ा नेटवर्क जुड़ा हुआ है, लेकिन जब कोई दुर्घटना होती है या पशु की आकस्मिक मृत्यु हो जाती है तो उनको किसी प्रकार का सहयोग नहीं मिलता है । चूँकि पशुपालन में जितने भी छोटे किसान हैं, वे उससे जुड़े हुए हैं ।

सभापति महोदय, मेरी सरकार से मांग होगी कि वह ऐसे छोटे पशुपालकों को, जो ऋण लेकर या अपने स्तर पर पशु को रखकर दूध की उत्पादकता से अपना स्वरोजगार करते हैं, अगर उनके पशुओं के साथ कोई दुर्घटना घटती है तो उन्होंने जो ऋण ले रखा है, उनका वह ऋण माफ हो तथा जिस किसान ने ऋण लेकर पशु नहीं खरीदे हैं, अगर उनके पशुओं के साथ कोई दुर्घटना होती है तो सरकार उनको आर्थिक सहयोग प्रदान करे ।

सभापति महोदय, मेरा मंत्री महोदय जी से एक आग्रह है । चूँकि दूध उत्पादन एक बहुत बड़ा उद्योग है । निश्चित तौर पर इससे बहुत छोटे-छोटे परिवार जुड़े हुए हैं । कोई भी छोटा परिवार यह चाहता है कि हम गाय या भैंस ले लें और दूध बेचकर अपना जीवन यापन करें और अपने बच्चों का भविष्य उज्ज्वल करे । अगर ऐसी स्थिति में कोई विपदा आ जाती है तो उनका पैसा तो ऐसे ही खत्म हो जाता है और उनको सरकार से कोई मदद भी नहीं मिल पाती है ।

सभापति महोदय, हम आपके माध्यम से आग्रह करेंगे कि बिहार में औरंगाबाद जिला है, वहां जिला पशु चिकित्सालय की स्थिति बहुत ही दयनीय है । जब चिकित्सालय ही बढ़िया नहीं रहेगा तो निश्चित तौर पर हमारे पशुओं को क्षति पहुंचेगी । इसकी प्रखण्ड स्तर पर व्यवस्था करने की आवश्यकता है । इसके साथ ही हमें कृषि के क्षेत्र में सुचारू रूप से सिंचाई करने की व्यवस्था करनी पड़ेगी ।

सभापति महोदय, मैं छोटे पशुपालकों को बढ़ावा देने के लिए आग्रह करना चाहूंगा कि सरकार इसके लिए कोई ठोस कदम उठाए, ठोस योजना बनाए और पशुपालन को प्रोत्साहित करे तथा इसे प्रोत्साहित करके इसका प्रचार-प्रसार करे, ताकि हमारे छोटे किसान इस चीज से जुड़ सके तथा इससे जुड़कर दुध उत्पादन की स्थिति और बेहतर हो ।

श्री जनार्दन मिश्रा (रीवा) : सभापति महोदय, आपने मुझे मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय की अनुदानों की मांगों पर चर्चा करने के लिए अवसर दिया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ । मैं सबसे पहले तो प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने इस बात को भलीभांति समझा कि अगर किसानों की आमदनी को दोगुना करना है, किसानों की समृद्धि को बढ़ाना है तो अनाज उत्पादन के अलावा पशुधन और मत्स्य पालन के क्षेत्र में हमें आगे बढ़ना होगा । इसलिए वर्ष 2019 में उन्होंने मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय का गठन किया । उसके बाद से मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए ।

सभापति महोदय, आज जो लोग किसानों की बात करते हैं, मैं उनसे आपके माध्यम से एक सवाल पूछना चाहूंगा । इस देश में 40-45 साल पहले दो बहुत महत्वपूर्ण घटनाएं घटीं । पहली घटना यह थी कि हमने भारत में दूध का उत्पादन बढ़ाने के लिए शीत क्षेत्र की जर्सी गायों का आयात किया और उसी कालखंड में ब्राजील हमारे यहां से गिर नस्ल लेकर गया, इजरायल साहीवाल लेकर गया । नस्ल संवर्धन के बाद आज ब्राजील में गिर गाय से 40-50 लीटर दूध का उत्पादन

होता है । इजरायल में शाहीवाल गाय से लगभग 40 लीटर दूध का उत्पादन होता है । हमने अपने देसी नस्लों का संवर्धन नहीं किया । पता नहीं किन कारणों से, किन गिरोहों के दबाव में आकर हमने जर्सी गायों का आयात किया ।

महोदय, मैं बड़े-बड़े फार्मों को नहीं जानता हूं । मैं गांव-किसानी से जुड़ा हुआ आदमी हूं । हमारे यहां 20 वर्ष पहले हर घर में एक जर्सी गाय दिखती थी । आज किसानों के खूंटों में जर्सी गाय का नाश हो गया, सर्वनाश हो गया, उनके पास एक भी जर्सी गाय नहीं है । जीरो डिग्री सेल्सियस में पलने वाली गाय, हमारे गांव के 45 डिग्री और 48 डिग्री सेल्सियस की धूप में हांफती हैं, उनके फेफड़े फट गए, वे मर गईं, वंश का नाश हो गया, इसका जिम्मेदार कौन है? ये कांग्रेस के लोग, जिनकी सरकारों ने जर्सी गायों का आयात किया, उन लोगों का यह दोष है । उन लोगों ने हिन्दुस्तान में जर्सी नस्ल ला कर, गौवंश का नाश किया । हमारे यहां के गौवंश को निराश्रित छोड़ दिया गया ।

महोदय, यह मोदी जी की सरकार की दूरदृष्टि है कि उन्होंने देसी नस्लों के उत्पादन के लिए, उनके संवर्धन के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई है । आज मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि चाहे गोकुल मिशन हो, कामधेनु मिशन हो, डेयरी संस्करण-प्रसंस्करण के मामले हों, डीएनए आधारित जैविक चयन का मामला हो, राष्ट्रव्यापी कृत्रिम गर्भाधान हो, आईबीपीएम प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने का मामला हो, लिंग चयनित वीर्य उत्पादन का मामला हो, पशु की पहचान, पता लगाने का मामला हो, वंश परिक्षण और नस्ल चयन का मामला हो, राष्ट्रीय डिजिटल पशुधन मिशन के माध्यम से पशुओं की गुणवत्ता सुधारने का मामला हो या गाय के नस्ल के गुणन फार्म का मामला हो, इन सारी नीतियों का संचालन करके देसी नस्लों को, दुधारू पशुओं के संवर्धन को बढ़ावा दिया गया है । यह लक्ष्य निर्धारित किया गया है कि जिन पशुओं से दूध की उत्पादकता छः महीने में 300 लीटर, 400 लीटर या 500 लीटर होती है, उसे बढ़ा कर 4000 लीटर प्रति दूध स्रवण वर्ष के रूप में लक्ष्य निर्धारित किया गया है । इस तरह से हम यह देखें कि आज मोदी जी की सरकार दूध उत्पादन के क्षेत्र में किसानों की मदद करने के लिए किस तरह की मदद कर रही है । पशुधन के मामले में चाहे वह बकरी पालन का मामला हो, सुअर पालन का मामला हो, ऊंट पालन का मामला हो, भेड़ पालन का मामला हो या ऊन उत्पादन का मामला हो, इन सारे मामलों में जिस तरह से योजनाएं बनाई गई हैं, उनके बारे में बताने के लिए समय नहीं है । अभी आप घंटी बजाएंगे । मैं संक्षेप में इन सारी योजनाओं के बारे में बता रहा हूं ।? (व्यवधान) बृजमोहन जी ठीक कह रहे हैं कि नस्ल परिवर्तन हो गया है, लेकिन अक्ल परिवर्तन नहीं हो रहा है, यह दिक्कत है । नस्ल परिवर्तित हो गई है, लेकिन अभी अक्ल का परिवर्तन होना बाकी है ।?(व्यवधान)

महोदय, मैं भैंसों के बारे में भी कहना चाहता था, लेकिन आपका चेहरा देख कर लग रहा है कि हमारी भैंस गई पानी में । आवारा पशु, निराश्रित पशु एक बहुत बड़ी समस्या है । मैं इस संबंध में बात करना चाहूंगा कि प्रदेश सरकारें गौशालाओं का निर्माण कर रही हैं । गौशालाओं में उन गौवंशों को रखा जा रहा है, लेकिन यह पूरी मदद सरकारी है और सरकारी तंत्र के माध्यम से इसका समाधान नहीं निकलेगा । ये गायें लाखों वर्षों से हमारे पुरखों के साथ रहती आई हैं । इनके लिए जनमानस को श्रम, पैसा, उनकी देख-रेख और सरकारी सुविधाओं सबको मिला कर, एक समन्वित प्रयास के माध्यम से इन देसी नस्लों का वहीं पर गर्भाधान कराया जाए । जिस तरह से गिर, साहीवाल वगैरह व दूसरी देशी नस्लों की वृद्धि के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, उसी तरह से ? (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप अपनी बात समाप्त कीजिए ।

श्री जनार्दन मिश्रा : उसी तरह से इन गौशालाओं में रहने वाली बेसहारा गायों की नस्लों में सुधार और इनके परिपोषण का काम होना चाहिए । किसान परेशान है और खेती बर्बाद हो रही है । किसान खेती के लिए दिन-रात इनको डंडा मारता है और ये इनको मारते हैं । अभी एक सदस्य कह रहे थे कि बैल भी मारते हैं तो वह मारेंगे ही । हम उनको मारेंगे तो वह हमको थोड़े ही छोड़ेंगे । इसलिए समन्वित प्रयास के माध्यम से इस समस्या के हल का प्रयास होना चाहिए ।

मैं माननीय मंत्री जी का आभार व्यक्त करना चाहूंगा कि उन्होंने जिस तरह से इस विभाग को संभालने का जिम्मा लिया है, मुझे पूरा भरोसा है कि आदरणीय ललन सिंह जी, मोदी जी के नेतृत्व में हमारे देश में मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी का चतुर्मुखी विकास होगा ।

इन्हीं शब्दों के साथ, मैं अपनी बात को समाप्त करता हूं । जय हिंद, जय भारत ।

श्रीमती ज्योत्स्ना चरणदास महंत (कोरबा) : सभापति महोदय, मैं अपनी बात की शुरुआत हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के एक जीवंत कथन से करना चाहती हूँ, जो आज भी सार्थक है: ?किसी राष्ट्र की महानता और उसकी नैतिक उन्नति का अंदाजा हम वहाँ के पशुओं के साथ होने वाले व्यवहार से लगा सकते हैं ।?

भारत की अर्थव्यवस्था में लगभग 70 से 80% आबादी पशुपालन एवं कृषि पर निर्भर करती है । केंद्रीय बजट वर्ष 2024-25 में पशुपालन एवं मत्स्यपालन में लगभग सात हजार एक सौ अड़तीस करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान रखा गया है, जिसमें पशुधन, स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम के लिए वर्ष 2024-25 में 2,465 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं । इसका उद्देश्य पशु चिकित्सा व स्वास्थ्य लाभ के लिए है । वर्ष 2023 में कृषि संबंधी स्थायी समिति ने बताया कि बिहार और पश्चिम बंगाल में खुरपका और मुंहपका रोग के खिलाफ टीकाकरण के पहले दौर में कोई टीकाकरण नहीं हुआ था । इसी तरह बिहार, राजस्थान, तमिलनाडु, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप और पुडुचेरी में ब्रुसेला के खिलाफ कोई टीकाकरण नहीं हुआ था, जिसका मूल कारण मानव संसाधन की कमी है ।

इसी प्रकार वर्ष 2021-22 में भारत में मवेशियों में गांठदार त्वचा रोग का प्रकोप हुआ । इसके कारण हमारे बहुत सारे मवेशी मारे गए । विभाग को शारीरिक टीकाकरण लक्ष्यों को पूरा करने के लिए राज्यों, केन्द्रशासित प्रदेशों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई करनी चाहिए और टीकाकरण के लिए पर्याप्त जनशक्ति की भर्ती एवं प्रशिक्षण के लिए कदम उठाने चाहिए । विभाग ने वर्ष 2024-25 में राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत 700 करोड़ रुपये खर्च करने का बजट रखा है, जो वर्ष 2023-24 के संशोधित अनुमानों की तुलना में 19% कम है, जो लक्ष्य प्राप्ति के लिए काफी नहीं है ।

भारतीय गोवंश के विकास के लिए Assisted Reproductive Technology (ART) का विकास एवं उपयोग देश के हर राज्य में किया जाना चाहिए । वर्तमान में यह मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और उतराखंड में ही है । यहीं Embryo Transfer Technology (ETT) और Multiple Ovulation Transfer Technology (MOET) का विकास एवं प्रसार हो, जिससे भारतीय गोवंश की नस्ल सुधार में गति मिलेगी । जिस प्रकार से ब्राजील में भारतीय गिर गाय की मिल्किंग क्षमता 40 से 50 लीटर कर ली गयी है और भारत में अब तक नहीं हुई है । In-Vitro Fertilization (IVF) का अधिक से अधिक उपयोग होना चाहिए एवं Sex sorted Semen लैब में विकसित होना चाहिए । ड्वार्फ गोवंश पुंगनर (आंध्र प्रदेश), वेचूर (केरल), कोसाली (छत्तीसगढ़), जो कि विलुप्ति के कगार पर हैं, जिनका संरक्षण आवश्यक हैं । इस संदर्भ में बजट में कोई विशिष्ट प्रावधान नहीं है ।

देश में पशु चिकित्सालयों की स्थिति कुछ बेहतर नहीं है । ऐसे समस्त पशु चिकित्सालयों का उन्नयन एवं पशु चिकित्सकों की नियुक्ति के साथ-साथ पर्याप्त दवाईयां और संसाधन को लेकर सरकार को गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है ।

भारत का वैश्विक दूध उत्पादन में 25% हिस्सा है । वर्ष 2016-17 और वर्ष 2022-23 के बीच भारत का दूध उत्पादन 5.7% की वार्षिक दर से बढ़ा । हालांकि दूध उत्पादन में साल-दर-साल वृद्धि वर्ष 2018-19 में 6.46% तक हुई और वर्ष 2022-23 में वह घटकर 3.8% हो गई । इससे प्रतीत होता है कि पशु आहार की गुणवत्ता और उत्पादन क्षमता में कमी आई है ।

16.00 hrs

इस पर सरकार को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है ।

विभाग के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2023-24 में भारत ने 13,261 करोड़ रुपए के पशुधन उत्पादों का आयात किया, जिसमें लगभग आधा एनिमल फॉडर और फीड था । यानी पशु आहार के लिए सरकार दूसरे देशों पर निर्भर है, जिसकी गुणवत्ता भी कम है । आत्मनिर्भर भारत, विश्व गुरु भारत दूसरे देशों से पशु आहार ले रहा है, यह आश्चर्यजनक बात है । सरकार को चाहिए कि पशु पालकों को सही दर पर उचित गुणवत्ता का पशु आहार- चारा और दाना उपलब्ध कराए, जिसकी पूर्ति में अभी वह असमर्थ है ।

पशुपालन और मत्स्य पालन में जहां करोड़ों रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है, लेकिन कहीं पर भी यह बताने की कोशिश नहीं है कि छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि पूरे देश में सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों, पशुओं, किसानों के

खेत-खलिहान को नुकसान पहुंचा रहे पशुओं के लिए कोई प्रावधान नहीं है, ऐसा दिखता नहीं है । सडकों पर घूम रहे पशुओं, जिनकी वजह से सडक़ दुर्घटनाओं में मानव और पशु अपनी जान गँवा रहे इसलिए सभी राज्यों में निराश्रित पशुओं के लिए शेल्टर्स बनाए जाने का प्रावधान होना चाहिए ।

मैं आपको बताना चाहती हूँ कि छत्तीसगढ़ में जब हमारी सरकार थी, तो पशुपालन में उनको संरक्षण देने के लिए गौठान बनवाए गए थे, लेकिन सरकार बदलते ही वे बंद हो गए ।

16.02 hrs

(Shri Jagdambika Pal *in the Chair*)

इसके अलावा, आये दिन गौ वंशों की तस्करी, उन्हें बेचने, कंपनियों से चंदा लेना, हमारे मन को विचलित करती है । गौवंश की रक्षा के लिए सरकार भले ही बड़े-बड़े दावे करे, लेकिन जमीनी हकीकत इन मामलों से बयाँ होती है । मेरा आग्रह है कि कानून का कठोरता से पालन किया जाए ।

वर्ष 2022-23 में, भारत दुनिया में तीसरा बड़ा मछली उत्पादक था और वैश्विक उत्पादन में इसकी हिस्सेदारी 8% थी । समिति ने 2022 में कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई) का पुनर्मूल्यांकन करने की आवश्यकता है, क्योंकि वर्ष 2022-23 में केवल 52 हेक्टेयर भूमि खारे पानी की जलीय कृषि के अंतर्गत थी, जबकि इसमें लक्ष्य 1,300 हेक्टेयर था । पशु पालन के साथ-साथ मत्स्य पालन के क्षेत्र में कार्य कर रहे हितग्राहियों और छोटे-छोटे तालाबों में मत्स्य पालन कर जीविकोपार्जन कर रहे मछुआरों के लिए सरकार ने बजट में कोई प्रावधान नहीं रखा है ।

देश के अर्थव्यवस्था की प्राथमिक इकाई गांव के लोगों के रोजगार से जुड़े पशुपालन और मत्स्य पालन के माध्यम से, जिस तरह का लाभ और आर्थिक उत्थान होना चाहिए, महिलाओं और पुरुषों को इन योजनाओं से जोडकर स्वावलंबी बनाना चाहिए, इस दिशा में, अधिकांश क्षेत्रों में यह नगण्य के बराबर है ।

अंत में, मैं एक और बात कहना चाहती हूँ । छत्तीसगढ़ की कोरबा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत जीवनदायिनी मिनीमाता हसदेव बांगो बांध व उसके पानी से विद्युत संयंत्रों की सांस तो चल रही है और छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि अन्य प्रदेशों को भी कोरबा रोशन कर रही है । लेकिन मिनीमाता बांगो बांध व छत्तीसगढ़ सहित देशभर के जलाशयों से प्रभावित व आसपास के किसानों व ग्रामीणों को मत्स्य पालन, झींगा पालन व उनकी आर्थिक उन्नति के लिए कार्ययोजना तैयार करने की जरूरत है, जो इसमें नहीं दिख रही है, जिससे बांध के प्रभावितों को लाभ मिल सके ।

धन्यवाद ।

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY (KOLKATA UTTAR): Sir, there is a point of information.

माननीय सभापति : आप पॉइंट ऑफ इंफॉर्मेशन के लिए क्यों खड़े हो रहे हैं?

क्या पॉइंट ऑफ इंफॉर्मेशन है?

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY: Sir, our neighbouring country, Bangladesh is under military rule. It is being taken over. ? (*Interruptions*) Their Prime Minister has ? (*Interruptions*)

माननीय सभापति : आप दूसरे देश का संज्ञान न लें ।

श्री राम प्रसाद चौधरी ।

? (व्यवधान)

SHRI ASADUDDIN OWAISI (HYDERABAD): The External Affairs Minister is there. ? (*Interruptions*)

माननीय सभापति : आपकी बात आ गई है ।

श्री राम प्रसाद चौधरी ।

? (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Owaisi *Saheb,* please do not disturb.

? (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Premachandran ji, you are quite aware of the rules.

? (*Interruptions*)

SHRI S. SUPONGMEREN JAMIR (NAGALAND): I would request the hon. Minister of Fisheries, Animal Husbandry and Dairying to establish a fish seed production centre, and provide one Animal Husbandry College for the State of Nagaland.

SHRI C. N. ANNADURAI (TIRUVANNAMALAI): The Ministry of Fisheries, Animal Husbandry and Dairying has been allocated Rs. 4,521.24 crore in the general Budget 2024-25 which is not sufficient for comprehensive development of Animal Husbandry sector. An allocation to the tune of Rs. 2,616.44 crore in 2024-25 is also not sufficient keeping in view the vast scope of fishing in the country which is considered as the sunrise sector of Indian economy. India has nine coastal States and one of them is the State of Tamil Nadu which requires higher allocation of funds for inclusive and holistic development of the sector. PM Matsya Sampada Yojana needs additional requirement of funds to enhance production and productivity of fish.

Similarly, I appeal for setting up of Animal Health Institute, Small Livestock Institute, Breed Improvement Institute and Centre of Excellence for Animal Husbandry in the State of Tamil Nadu, particularly, in my Parliamentary constituency, Tiruvannamalai, Tamil Nadu.

I further request for higher allocation and effective implementation of Rashtriya Gokul Mission, Dairy Development, Livestock Health and Disease Control Programmes in Tamil Nadu and allocation of infrastructure development fund in the State of Tamil Nadu to focus on processing and chilling infrastructure, milk adulteration testing equipment at village level and also for supporting working capital requirements of State Co-operative Dairy Federation.

श्री दिलीप शइकीया (दारंग-उदालगुड़ी) : मत्स्यपालन, पशुपालन व डेयरी मंत्रालय की अनुदान मांगो पर मैं अपने विचार रखता हूँ ।

माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी के द्वारा वर्ष 2024-25 के बजट में मत्स्यपालन पशुपालन व डेयरी मंत्रालय के लिए 7 हजार 137 करोड़ रुपये का ऐतिहासिक आवंटन किया गया है और साथ ही प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के लिए 2 हजार 352 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं ।

पशुपालन और डेयरी विभाग को 2023-24 के बजट की तुलना में 15 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 4 हजार 521 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, जबकि मत्स्य पालन विभाग के लिए 54 प्रतिशत की ऐतिहासिक वृद्धि के साथ 2 हजार 916 करोड़ का आवंटन किया गया है ।

भारत सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है । यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि वित्तीय वर्ष 2013-14 में, जब सहकारिता मंत्रालय, पशुपालन, डेयरी विभाग और मत्स्यपालन विभाग कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के अभिन्न अंग थे, तब इस मंत्रालय का कुल बजट आवंटन मात्र 27 हजार 662 करोड़ रुपये था ।

पिछले 10 वर्षों के दौरान देश के लघु उद्योगों से जुड़े हुए लोगों के जीवन को सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करने के लिए मोदी सरकार ने मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी के क्षेत्र में ऐतिहासिक योजनाओं का क्रियान्वन करते हुए करोड़ों लोगों को आजीविका का साधन उपलब्ध करवाया है ।

वित्त वर्ष 2014-2023 के मध्य भारतीय मत्स्य पालन क्षेत्र 8.9 प्रतिशत वृद्धि की दर के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था में अपनी अलग पहचान बना रहा है और बहुत तेज गति से बढ़ रहा है । भारत वर्तमान में दूसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक देश है और वर्ष 2023-24 में लगभग 175 लाख टन की रिकॉर्ड मछली उत्पादन दर के साथ भारत की वैधिक मछली

उत्पादन में लगभग 8 प्रतिशत की हिस्सेदारी है । पशुपालन एवं मत्स्यपालन आज सकल घरेलू उत्पादन में 35 प्रतिशत का योगदान कर रहा है और हम 63 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का निर्यात करने लगे हैं ।

भारत जलीय कृषि उत्पादन में भी दूसरे स्थान पर है और दुनिया में शीर्ष झींगा उत्पादक और समुद्री भोजन निर्यात करने वाले देशों में से एक है । यह क्षेत्र 3 करोड़ से अधिक लोगों को स्थायी आजीविका प्रदान करता है, जिनमें से ज्यादातर लोग आर्थिक रूप से कमजोर समुदायों के हैं ।

मोदी सरकार के सार्थक प्रयासों के कारण भारत के झींगा निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है । वर्ष 2011 के भारत का झींगा निर्यात 8 हजार 175 करोड़ रुपये का था, जोकि वर्ष 2023-24 में बढ़कर 40 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का हो गया है ।

भारत दुग्ध उत्पादन में पहला स्थान रखता है और वैश्विक दुग्ध उत्पादन में 23 प्रतिशत का योगदान देता है । डेयरी क्षेत्र में मोदी सरकार के सार्थक प्रयासों के बल पर पिछले पिछले 10 वर्षों में देश का दूध उत्पादन 51.05% बढ़ा है ।

वर्ष 2014-15 के दौरान देश का दूध उत्पादन 14.63 करोड़ टन था, जो 2022-23 के दौरान बढ़कर 23 करोड़ टन से ज्यादा हो गया है । पिछले 9 वर्षों में दुग्ध उत्पादन 5.85 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ रहा है, जबकि वैश्विक दुग्ध उत्पादन केवल 1.5 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से बढ़ रहा है ।

राष्ट्रीय गोकुल मिशन (आरजीएम) दिसंबर 2014 से स्वदेशी गोजातीय नस्लों के विकास और संरक्षण के लिए कार्यान्वित किया जा रहा है । यह योजना देश में दूध की बढ़ती मांग को पूरा करने और ग्रामीण किसानों के लिए डेयरी को अधिक लाभदायक बनाने के लिए गोजातीय दुग्ध उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण है । इस योजना को 2400 करोड़ रुपये के बजट परिव्यय के साथ 2021 से 2026 तक अंब्रेला योजना विकास कार्यक्रमों के तहत जारी रखा गया है ।

आजादी के बाद से पहली बार मोदी सरकार ने वर्ष 2019 के दौरान पशुपालन और डेयरी किसानों को केसीसी का लाभ दिया । आत्मनिर्भर पैकेज के हिस्से के रूप में लगभग । करोड़ 75 लाख से ज्यादा डेयरी किसानों को केसीसी के माध्यम से 3 लाख रुपए तक का लोन कम ब्याज पर उपलब्ध करवाया जा रहा है ।

माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा देश के डेयरी किसानों को समृद्ध बनाने की दिशा में 1 करोड़ 75 लाख से ज्यादा डेयरी किसानों को 1900 करोड़ रुपए से ज्यादा का लोन उपलब्ध करवाया गया है, जिनमें 16 हजार 870 किसान उत्तर-पूर्वी राज्यों से है ।

राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड 6 राज्यों असम, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, कर्नाटक और तमिलनाडु में पायलट आधार पर मछली हैचरी/मछली फार्म ब्रूड बैंक/फीड मिल का प्रमाणीकरण की योजना लागू की है । इसमें लगभग 3040 लाभार्थियों को शामिल किया गया है, जिसका लक्ष्य 4.52 करोड़ रुपये के कुल बजट परिव्यय के साथ प्रमाणन योजना के तहत विभिन्न हैचरी, फीड मिलों और मछली फार्मों की 1711 इकाइयों को स्थापित करना है ।

उत्तर-पूर्वी राज्यों में मछली उत्पादन के क्षेत्र में 2014-15 से 2022-23 तक पिछले 09 वर्षों के दौरान 5.38 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि दर दर्ज की गई है । उत्तर-पूर्वी राज्यों में वर्ष 2014-15 में कुल मछली उत्पादन 4.03 लाख टन था, जो वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान बढ़कर 6.04 लाख टन तक पहुंच गया है ।

मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय द्वारा देश में मत्स्य पालन और जलीय कृषि के विकास के लिए 2015-16 से 2019-20 तक केंद्र प्रायोजित नीली क्रांति योजना लागू की थी, जिसके तहत उत्तर- पूर्वी राज्यों के लिए 392 करोड़ रुपये की परियोजना स्वीकृत की गई थी ।

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत वर्ष 2020-21 से 2023-24 के दौरान देश के उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिए 1391.62 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली परियोजनाओं को केंद्र सरकार द्वारा मंजूरी प्रदान की गई है ।

बजट 2024-25 में मत्स्य पालन क्षेत्र के लिए रणनीतिक समर्थन से मछली, मछली बीज और मठली मूल्य वर्धित उत्पादों के उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ाने के लिए आवश्यक प्रोत्साहन प्रदान करके इस क्षेत्र का समावेशी और समग्र विकास होगा ।

'सुधार-प्रदर्शन-परिवर्तन' के आदर्श वाक्य के साथ, 2047 तक विकसित भारत की दिशा में भारत सरकार एक प्रमुख कारक के रूप में मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दे रही है ।

माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने देश में मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी क्षेत्र के विकास को गति देने और इन क्षेत्रों से जुड़े किसानों और अन्य कामगारों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से वर्ष 2019 में इन विभागों को कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय से अलग करके एक स्वतंत्र मंत्रालय बनाया और निरंतर उसके बजट में वृद्धि भी की ।

माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र नोदी जी के कुशल नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों के दौरान देश के मत्स्य पालन, पशुपालन व डेयरी क्षेत्र मे तेज गति से विकास को बढ़ावा मिला है । आज ये क्षेत्र और इनसे जुड़े सूक्ष्म व लघु उद्योगों में करोड़ों लोग अपनी आजीविका कमा रहे है, साथ ही देश के विकास में भी ये क्षेत्र निरंतर अपनी भागीदारी को बढ़ा रहे है । देश के सूक्ष्म और लघु उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु मोदी सरकार द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों और योजनाओं के लिए मैं, एक बार पुनः माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी व केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन व डेयरी मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह जी का आभार व्यक्त करते हुए इस बजट का समर्थन करता हूँ ।

CAPTAIN BRIJESH CHOWTA (DAKSHINA KANNADA): I support the Demand for Grants for the Ministry of Fisheries, Animal Husbandry and Dairying for the year 2024-2025.

Under the leadership of our PM Shri Narendra Modi, our Government has brought transformational reforms in the fisheries sector that is a lifeline for a large section of our population, given our vast coastline.

India is the third largest fish producing country in the world. We give the world 8 per cent of its fish produce with our fish production standing at a record 175.45 lakh tons in FY 2022-23.

The last decade has seen a massive improvement in this sector which is recognized as the 'Sunrise Sector' sustaining over 30 million lives especially those belonging to the marginalized and vulnerable sectors of our society. While what was spent on the fisheries sector, over six decades, since the first five year plan of 2013-2014 was only Rs3,680 crore our Government led by Prime Minister Narendra Modi has in the last 10 years released Rs 6,378 crore for various developmental activities in this sector.

The highest ever targeted investment in this sector too has happened in the last 9 years, it stands at a total of Rs 38,572 crore. Also, of the one lakh startups in the country, 400 start-ups belong to the fishing sector. Our Government has consistently been making efforts for the holistic development of the fisheries sector while also focussing on the socio-economic well-being of our fishermen, fish farmers and other stakeholders in this industry.

In FY 2015-16 itself, the Blue Revolution scheme for Integrated development and management of fisheries was launched with an outlay of Rs 3,000 crore. In 2017-18 the National Marine Fisheries Policy was launched.

In 2018-19 Fisheries and Aquaculture Infrastructure Development Fund was launched with a corpus of Rs 7,522 crore. In order to ensure our fish farmers are accorded the same facilities as our Annadaatas, the Kisan Credit Card (KCC) facility has been extended to include both our fishing as well as animal husbandry farmers since 2018 more than 3.2 lakh applications have been received so far of which over 1.7 lakh have already been issued.

To ensure it gets its exclusive attention, given its potential and the vast scope for development, an exclusive department of fisheries was created in 2018-19.

In 2019-20, our Government also created a separate Ministry of Fisheries, Animal Husbandry and Dairy, thanks to which I have this opportunity too to speak about this key sector and its growth as a special story of growth and transformation.

The creation of this Ministry made way for focused attention through policy and financial support for sustainable, responsible, inclusive and equitable growth. A flagship scheme of our Government which is transforming lives of our fish farmers and making them Atmanirbhar is the PM Matsya Sampada Yojana. This initiative launched in 2020-21 takes what we achieved through the Blue revolution scheme to the next level - from development of cluster based approach to policy support to technology infusion and enhanced investment in value chain that will enhance fisheries production and productivity; modernize fisheries infrastructure; improve fisheries exports.

This pathbreaking effort will transform the sector and the millions of lives connected to it like never before. For just between 2020-2025 the investment that is to flow into the fisheries sector was Rs 20,050 crore - this highest ever in this sector.

There are no schemes aimed at the development of Tamil Nadu. This Budget will give revenue to the Union Government rather there is only expenditure on the part of Tamil Nadu. I wish to pinpoint how Tamil Nadu has been betrayed. During last 5 years, there was inordinate delay in the construction work of AIIMS in Madurai. There is delay in allocating funds to Chennai Metro. The Government of Tamil Nadu is in a state to accept the expenditure relating to Chennai Metro. I urge that the Union Government should allocate adequate funds to Chennai Metro. During the year 2024-25, only an amount of Rs 4527 Crore has been allocated to Fisheries, Animal Husbandry and Dairying Ministry. This is very much less. Tamil Nadu Government has been implementing several Schemes for the welfare Tamil Nadu fishermen. The State Government has been fulfilling the basic needs of the fishermen and their families during the period of fishing ban in Tamil Nadu. Fishermen of Tamil Nadu are time and again arrested by Sri Lankan Navy and their assets are confiscated by them. The Indian fishermen are attacked and arrested by the Sri Lankan Navy personnel. Indian Government should try to stop such occurrences of attacks by Sri Lankan Navy besides getting back the confiscated boats and other assets of our fishermen. I urge the Union Government to create a separate fund to meet such compensation requests. In Tamil Nadu the cattle rearing is profitable than farming. Rural people are having cattle rearing as their livelihood. India is in topmost place among the world countries in milk production. As regards the quantity and value, milk production exceeds rice and wheat cultivation and production. Therefore, I request that the Union Government should allocate additional funds for animal husbandry and management besides helping to improve the livelihood of our farmers.

HON. CHAIRPERSON: Kindly conclude.

SHRI K. ESWARASAMY: Sir, Since I am speaking for the first time, I may be given two more minutes to complete my speech. I am elected as the People?s representative of Pollachi parliamentary constituency. I kindly request you the Union Government to consider the demands of the people of my constituency which is known for agriculture and farming. I urge that a training centre should be set-up in the Veterinary Management department complex in Pollachi. Those who have more than milching cows should be given with milching device with 50 per cent subsidy. If the Union Government provides Water Sprinkler device with subsidy from the centre in areas under local bodies for the use of cattle rearing farmers, it will help in Chaff cutting. Fodder cultivation can be increased by way of distributing fodder seeds free of cost in Pollachi constituency. And also as part of entrepreneurship development, 50 percent subsidy should be provided by the Union Government for setting up of sheds for poultry farming activities besides providing equipment.

HON CHAIRPERSON: Thank you. Please conclude.

SHRI K. ESWARASAMY: Sir, I am concluding in one minute. In Udumalaipettai, a Central Institution should be set-up for the development of cattle of that area. Thank you.

SHRI OMPRAKASH BHUPALSINH *ALIAS* PAVAN RAJENIMBALKAR (OSMANABAD): Hon?ble Chairman, I rise to discuss the demand for grants of the Ministry of Fisheries, Animal Husbandry and Dairying. Today, I would like to draw the attention of Union Government towards the issues and challenges faced by milk producing farmers of Maharashtra. The rate at which cow milk is being purchased is Rs 23 to 29 per litre and buffalo milk at the rate Rs 31 to 36 per litre.

These farmers also have to purchase costly fodder and cattle feed. The Central Government should consider the plight of the milk producing farmers as they are facing financial losses and hardships and that is why they are compelled to commit suicide. Milk and bottle of mineral water are being sold at the same price and this is very unfortunate. I can show you this receipt of milk collection centre issued to one farmer and it shows that the purchasing rate of milk is only Rs 25.74 per litre.

Sir, around 70% population of this country is solely dependent on farming, and farm related businesses which help them to earn their bread and butter. In last year's budget, R. 4328 crore were allocated for Animal Husbandry and Dairing but it has been reduced to the tune of Rs 3914 crore only. For Fisheries, it was around Rs 2248 crore during last year but now it is only Rs 1701 crore.

On one hand, Government is talking about doubling the income of famers, but on the other hand, it is reducing the budget allocation for farmers. Then, how will it be doubled? Can anybody explain?

Government needs to consider this reality. Kindly allow me to speak one more minute, please.

I can recall, the then UPA Government had waived off the farmers debts worth Rs 72,000 crore. It is pertinent to mention here that this Government has waived off the debts of big corporate hours and Industrialists worth Rs 16 lac crore.

This Government takes care of big businessmen and not of the poor farmers. This is very unfortunate. If you are giving this step motherly treatment to our farmers, this is a sad state of affairs.

Lastly, through you, I would like to request Union Government to take concrete steps to provide a kind of relief to the milk producing farmers.

Thank you.

SHRIMATI BIJULI KALITA MEDHI (GUWAHATI): Thank you, Sir. I rise today to express my heartfelt appreciation and commendation for the Union Budget 2024-25 presented by our esteemed Finance Minister Nirmala Sitharamanji under the guidance of our visionary Prime Minister, hon. Narendra Modiji.

This Budget is a testament to the Government's unwavering commitment to the welfare of various sectors that form the backbone of our nation, particularly, in a State like Assam. Assam, with its rich natural resources and diverse economy, stands to benefit significantly from the forward-thinking measures outlined in this Budget. The initiatives and allocations presented are poised to drive growth, enhance livelihoods, and ensure sustainable development across multiple sectors.

One of the most significant highlights of this Budget is the robust support extended to the fisheries sector. Our vision is to elevate Assam to a net fish exporting State and establish it as the ?aqua hub? of South East Asia and India.

In recent years, we have witnessed a remarkable increase in fish production from 3.73 lakh metric tonnes in 2019-20 to 4.74 lakh metric tonnes in 2023-24. This growth is a clear reflection of the dedication and hard work of our fish farmers and the supportive policies of

our Government. Furthermore, fish seed production has also seen a significant growth by reaching 20,843 million in 2023-24 from 9,519 million in 2019-20. This increase is crucial for sustaining and expanding our fish farming activities and ensuring a steady supply of quality fish seeds to meet the growing demand.

As far as the Pradhan Mantri Matsya Sampada Yojana is concerned, a significant allocation for the fisheries sector at the national level is expected to channel substantial resources towards Assam's fisheries development. This increased investment will propel us towards our goal of significantly enhancing fish production and creating numerous job opportunities in the sector.

Infrastructure development is another key area of focus. Projects like the establishment of modern integrated fish landing centers and fish hatcheries are underway. These facilities, coupled with the Government's emphasis on cold chain infrastructure, will significantly boost our capacity and efficiency in fish production and marketing, ensuring that our fish products reach a wider market. We are aware of the challenges such as the shortage of quality fish seed and feed, and the need for better hatchery management.

Sir, moving beyond the fisheries sector, I want to address the significant impact of this year's floods on livestock in Assam. The devastating floods have affected 35 districts and 199 revenue circles, impacting a total of 41,34,054 livestocks. This includes 11,18,038 small animals and 12,89,597 ducks, and poultry.

HON. CHAIRPERSON: Hon. Member, kindly conclude your speech now.

? (*Interruptions*)

17.00 hrs

SHRIMATI BIJULI KALITA MEDHI: Sir, this is my maiden speech.

Tragically, we have lost 2,521 animals, including 885 large animals, 736 small animals, and 900 ducks and poultry, which is a considerable blow to our rural economy.

HON. CHAIRPERSON: Shrimati Kalita ji, there are so many new Members who would like to deliver their maiden speeches. But due to time constraint, I cannot provide more time to you. Thank you.

SHRIMATI BIJULI KALITA MEDHI: Sir, I will conclude in one minute.

In response to these challenges, our Government has taken swift and effective relief measures to mitigate the impact of floods. ? (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Now, Shrimati Geniben Nagaji Thakor.

SHRIMATI GENIBEN NAGAJI THAKOR (BANASKANTHA): Hon. Speaker Sir, I thank our leader Shri Rahulji for giving me this opportunity to take part in the discussion on demands for grants under the control of Ministry of Fisheries, Animal Husbandry and Dairying for the year 2024-25. Rs. 7137.68 crore has been allocated for this department. This amount should be increased. Hon?ble Speaker Sir, many members of this House talked about Gaumata. I also want to talk about Gaumata. Many religious leaders, saints, mahants and Sankaracharya of Jyotirpith Swami Avimukteshwaranand Sarasvati Maharaj have carried out a padyatra and demanded from the government that Gaumata should be given the status of Rashtra Mata. I also demand that a law should be brought in Lok Sabha to give

status of Rashtra Mata to Gaumata and to stop slaughtering of Gaumata. For looking after the cows, all Gaushalas should be given Rs.100/- per day for each cow.

Hon. Speaker Sir, the products made from cow milk are very much beneficiary to our health. Cow dung is used as manure in natural farming. Hon?ble Speaker sir, 18% GST is charged at the time of taking insurance of cattle. I demand that this GST should be removed.

Hon. Speaker Sir, I also demand that names of the political parties should be declared who have taken election funds from the companies running slaughter houses in India. The amount of funds should also be revealed. Most of the grazing land has been given to the industrialists and this has caused difficulties for animals and cattle farmers. Hon?ble Speaker Sir, through you I demand that grazing land should not be handed over to industrialists. Hon?ble Supreme Court has also put ban on giving grazing lands to industrialists. I request that this ban should continue. My district is a border district and it is a very sensitive zone. In this area, land has been allotted for wild animals but some industries like salt industries have been set up on this land. I request that such industries should be banned in this area.

Hon. Speaker Sir, my district is associated with animal husbandry. Dhanera, Dantiwada and Palanpur blocks of Banaskantha district do not have irrigation facility. I demand that irrigation facility should be developed in these blocks.

Sir, only one representative is entitled to cast vote in the elections of milk co-operative societies. I demand that instead of one representative, all the members of the co-operative society should be allowed to vote to elect board of directors of the society.

माननीय सभापति : श्री लक्ष्मीकान्त पप्पू निषाद जी। आप केवल दो मिनट में अपनी बात समाप्त करें।

श्री लक्ष्मीकान्त पप्पू निषाद (संत कबीर नगर) : माननीय पीठासीन महोदय, आपने मुझे मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी की चर्चा में भाग लेने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

महोदय, मत्स्यपालन एवं पशुपालन देश में सबसे बड़े पैमाने पर किया जाता है। मछली खाना मनुष्य शरीर के लिए बहुत उपयोगी है, वहीं मछली जल्दी भी पकती है और पचती भी जल्दी है। मछली खाने से मनुष्य को ओमेगा-3 से लेकर सभी विटामिंस और प्रोटीन्स मिलते हैं। शरीर को जितने तत्व की जरूरत होती है, वह सब मछली से मिल जाता है। हमारे देश में करीब 80 करोड़ लोग गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करते हैं और सरकार 80 करोड़ लोगों को गेहूं, चावल और खाद्यान्न उपलब्ध कराती है। केवल गेहूं-चावल खाने से आदमी जिंदा नहीं रह सकता है। उसको मौसमी फल, मौसमी सब्जियां और दूध भी मिलना चाहिए, लेकिन गरीब अपनी गरीबी के कारण यह सब नहीं खरीद सकता।

महोदय, मैं उत्तर प्रदेश से आता हूं और प्रदेश की सरकार जलमग्न भूमि में मत्स्यपालन हेतु लगान कृषि भूमि की अपेक्षा सौ प्रतिशत ज्यादा है। हमारी समाजवादी पार्टी की सरकार में निषाद मछुआरा समुदाय को पट्टा देने का अधिकार था, उसे बीजेपी की सरकार ने खत्म कर दिया है। मत्स्य पर सौ प्रतिशत लगान बढ़ाने से मत्स्यपालक और मछुआ समुदाय के लोग इकट्ठा रुपया नहीं दे सकते हैं। बीजेपी की सरकार ने मेरे समुदाय के साथ बहुत बड़ा अन्याय किया है। मैं निंदा करता हूं।

माननीय सभापति : मेरे पास श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन, श्री पप्पू यादव, श्री असाद्दुदीन ओवैसी, उमेशभाई पटेल, चन्द्रशेखर जी, हनुमान बेनिवाल जी, राजकुमार रोत जी के नाम हैं। इसके अलावा मंत्री जी का रिप्लायी भी होना है। आप दो-दो मिनट में अपनी बात समाप्त करें।

निषाद जी, आप अपनी बात समाप्त करें।

श्री लक्ष्मीकान्त पप्पू निषाद : महोदय, मैं सरकार से मांग करता हूं कि पशुपालकों को बढ़ावा देने के लिए किसान को दो लाख रुपये ब्याज रहित दिये जाएं। आज केमिकल और सिंथेटिक दूध देश में बिक रहा है।

माननीय सभापति : मनीष जी, आप तीनों लोग कृपया आपस में बात न करें।

श्री लक्ष्मीकान्त पप्पू निषाद : महोदय, खेत की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिए देसी खाद का उपयोग किया जाए, रसायनिक खाद का उपयोग कम हो। इससे किसानों की आमदनी बढ़ेगी। किसान खुशहाल होगा, देश खुशहाल होगा। यही मैं सरकार से कहना चाहता हूं। धन्यवाद।

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Thank you very much, Sir. ....(Interruptions)

HON. CHAIRPERSON: Prof. Sougata Ray ji, your party leader has already mentioned this issue. I have already given him an opportunity to speak.

....(Interruptions)

HON. CHAIRPERSON: Only the speech of Shri N.K. Premachandran will go in record.

*....(Interruptions) ?**

HON. CHAIRPERSON: Shri N.K. Premachandran, please continue your speech.

....(Interruptions)

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Sir, thank you giving me an opportunity to participate in the discussion on the Demands for Grants of the Ministry of Fisheries, Animal Husbandry and Dairying. By virtue of Demand Nos.43 and 44, a total amount of Rs.7138 crore have been allocated in the Budget for the financial year 2024-25, which is 27 per cent more than that of the Revised Estimates of 2023-24. Kindly note that 0.15 per cent is the total allocation for the two Departments by virtue of Demand Nos. 43 and 44.

Sir, I am confining my speech only to Demand No.43, that is, Department of Fisheries. I would like to say that the Department of Fisheries is responsible for the development and promotion of fisheries sector. The people who are engaged in the fisheries sector are from the vulnerable communities. They are down-trodden people and are just like the people from Scheduled Tribe communities who live in forest areas.

Sir, in 2023-24, India was the third largest fish producing country in the world. Fisheries sector plays an important role in export, nutrition, food security and employment generation. So, my first point is that a separate Ministry is required for fisheries. That is the persisting demand of all the people living in coastal areas. A separate Ministry for fisheries is highly essential.

Secondly, in 2024-25, the Standing Committee on Agriculture has submitted its Report. *....(Interruptions)*

HON. CHAIRPERSON: Please conclude.

....(Interruptions)

SHRI N. K. PREMACHANDRAN: This is bullying. *....(Interruptions)* This is not fair. *....(Interruptions)* If you do not want me to speak, I will sit. *....(Interruptions)* You were silent when the other hon. Member was delivering his speech. *....(Interruptions)*

HON. CHAIRPERSON: Please finish your speech in one minute only.

....(Interruptions)

SHRI N. K. PREMACHANDRAN: Sir, I am concluding my speech in a minute. *....(Interruptions)*

Sir, in 2024, the full potential of the Indian fisheries sector is yet to be realised due to gap in the production inputs, investment, infrastructure and skilled manpower, and also due to over-fishing, pollution, disease outbreak and climate change.

17.11 hrs

(Hon. Speaker *in the Chair*)

Sir, my point is that these major issues have to be addressed for which the budgetary allocation made for the fisheries sector is not ? (*Interruptions*) My point is that the budgetary allocation is not ? (*Interruptions*)

Sir, the Budget allocation for the year 2024-25 is not sufficient to address the concerns which I have already expressed.

My third point is about the CRZ mapping. With respect to the 2019 notification, the Kerala State has submitted the proposals. I would request the Government to expedite the process for CRZ notification. The second thing is about the anti-sea erosion activities. The anti-sea erosion activities were formally included in the Finance Commission proposals, but there is no fund. So, I urge upon the Government to have anti sea-erosion works with groynes, that is, construction of sea walls with groynes, using tripods and tetrapods.

Now, I come to the issue of shrimp export. The USA and the EU have put a ban on import of shrimp from India. The US had put a ban in the year 2019 on shrimp import from India on the basis of sea turtle issue. I request the hon. Minister and the Ministry to intervene in this matter. The US Marine Mammal Protection Act specifically states that turtle excluder device or tech is to be provided; otherwise the fish will not be taken by them. That is the reason for which export to the US is banned. Kindly persuade the US Ministry to relax the norms.

My last point is that the Right to Forest Act is there. Similarly, I urge upon the Government to have a Right to Sea Act for the fishermen so that this issue can be addressed as whole.

With these words, I conclude. Thank you very much.

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी के अलावा किसी की कोई भी बात रिकॉर्ड में नहीं जाएगी।

? (*Interruptions*) ?*

माननीय अध्यक्ष : अध्यक्षीय व्यवस्था दे दी गई है।

माननीय मंत्री जी।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी।

पंचायती राज मंत्री; तथा मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री (श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह): अध्यक्ष महादेय, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी विभाग के मंत्रालय की अनुदानों की मांगों पर चल रही चर्चा में 37 माननीय सदस्यों ने भाग लिया है। ? (व्यवधान) मैं सभी को धन्यवाद देता हूँ और उनको आश्वस्त करता हूँ कि उन्होंने जो भी सकारात्मक सुझाव मंत्रालय के कार्यकलापों को बढ़ाने के लिए दिए हैं, उनका ध्यान रखा जाएगा। ? (व्यवधान)

मुख्य तौर पर जिन माननीय सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया, उनमें से अधिकांश माननीय सदस्यों ने अपने-अपने राज्यों में मत्स्य के क्षेत्र में किए गए कार्यों पर और उनकी समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट किया है। ? (व्यवधान) कई राज्यों की जो मांग रही हैं, मैं पहले उसके बारे में बता देना चाहता हूँ। पश्चिम बंगाल में ?ब्लू रेवोल्यूशन स्कीम? के तहत 41.44 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स अप्रूव कर दिए गए हैं। उसका आधा हिस्सा, 27.20 करोड़ रुपये, जो कि केन्द्र सरकार का हिस्सा है, उसे पंश्चिम बंगाल की सरकार को जारी कर दिया गया है। ? (व्यवधान) अब जहां तक ?प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना? की चर्चा माननीय सदस्यों ने की है तो मैं उनको बताना चाहता हूँ कि ?प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना? वर्ष 2020 में शुरू की गई थी और पश्चिम बंगाल की सरकार ने वर्ष 2020-21 और वर्ष 2021-22 में इस योजना का लाभ उठाने से इनकार कर दिया था, जिसके कारण उनको लाभ नहीं मिल पाया था। ? (व्यवधान)

अब उन्होंने इसके महत्व को समझा है और इसके महत्व को समझकर उन्होंने अब इसे स्वीकार किया है। मैं बताना चाहता हूँ कि इसके लिए केन्द्र सरकार की जो भी हिस्सेदारी है, उसके तहत केन्द्र सरकार पश्चिम बंगाल सरकार को पूरी मदद करेगी।

आदरणीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी किसी भी राज्य के साथ कोई भेद-भाव नहीं करते हैं। उनका ध्यान समग्र देश के विकास और समग्र राज्य के विकास की ओर केन्द्रित होता है। इसीलिए मैं आपको यह बता देना चाहता हूं। इसके अलावा मैं बताना चाहता हूं कि वेटेरनरी के लिए एमवीयू की बात हुई है। पश्चिम बंगाल में 218 एमवीयू यूनिट्स चलाने के लिए पहली किश्त 674.78 लाख रुपए जारी कर दी गई है और उसका लाभ पश्चिम बंगाल सरकार उठा रही है।

महोदय, यहां चर्चा हुई है कि अमेरिका को भारत झींगा आयात कर रहा था, लेकिन अमेरिका ने झींगा के आयात को बंद कर दिया है, जो पूर्णत: सही नहीं है। श्रिम्प एक्सपोर्ट पर बैन लगाने की बात है, तो यह उल्लेखनीय है कि केवल समुद्र से पकड़े जाने वाले श्रिम्प, जो कि मात्र दस प्रतिशत है, उसे अमेरिका की सरकार ने बैन किया है। इनलैंड और एक्वा कल्चर के माध्यम से जो श्रिम्प का उत्पादन हो रहा है, वह आज की तारीख में भी अमेरिका में निर्यात किया जा रहा है। हम आपको यह बता देना चाहते हैं।

कई माननीय सदस्यों ने केरल के बारे में चर्चा की है। 10 वर्षों में फिशिंग प्रोजेक्ट्स के लिए अब तक 1385.82 करोड़ रुपए सिर्फ केरल राज्य के लिए स्वीकृत किए गए हैं। हम आपको यह बता देना चाहते हैं।

अध्यक्ष महोदय, इस पैसे से फिशिंग हार्बर, आर्टिफिशियल रिफ्स, डीप शी फिशिंग वेशल्स और 700 केज कल्चर, ऑरनामेंटल फिशरीज रैस के 646 सिस्टम्स और बायोफ्लॉक यूनिट्स भी स्वीकृत किए गए हैं। हम आपको यह बता देना चाहते हैं। इसके अलावा कई माननीय सदस्यों ने आंध्र प्रदेश के बारे में चर्चा की है। देश में आंध्र प्रदेश में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत सबसे ज्यादा योजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इसके अलावा पिछले दस सालों में अकेले नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों में 1853 करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट्स अप्रूव किए गए हैं। इसके अलावा अरविंद सावंत, जो शिव सेना के साथी हैं, उन्होंने बताया है कि महाराष्ट्र के मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में कई समस्याएं हैं। मैं उनको बता देना चाहता हूं कि पिछले 10 सालों में महाराष्ट्र में 18 हार्बर एवं फिशिंग लैंडिंग सेक्टर में 1482.10 करोड़ रुपए लागत की योजनाएं अनुमोदित की गई हैं। इनके अलावा वहां और भी योजनाएं स्वीकृत की गई हैं।

एक माननीय सदस्य ने कहा है कि पशुओं की संख्या कम हो रही है। मैं उनको बताना चाहता हूं कि वर्ष 2012 और 2019 के बीच में गायों की संख्या 19.30 करोड़ से बढ़ कर 19.90 करोड़ हो गई है, जो कि बढ़ोतरी है। पशुओं की संख्या घटी नहीं है। वर्ष 2012 और वर्ष 2019 के बीच 10.8 करोड़ से बढ़ कर 11 करोड़ हो गई है। मैं यह भी उनको बताना चाहता हूं। इसीलिए पशुओं की संख्या बढ़ी है।

कई माननीय सदस्यों ने श्रीलंका के साथ जो मछली पकड़ने के संबंध में विवाद होता है, के बारे में कहा है, तो मैं उसके बारे में बताना चाहता हूं कि हां, ऐसा होता है। कई बार हमारे मछुआरे श्रीलंका की सीमा में चले जाते हैं और श्रीलंका के मछुआरे हमारी सीमा में आ जाते हैं। विदेश मंत्रालय के अधीन इसके लिए श्रीलंका सरकार और विदेश मंत्रालय के बीच एक ज्वाइंट वर्किंग ग्रुप बना हुआ है, जो समय-समय पर उस पर विचार करते हैं और उनकी समस्याओं का निदान करते हैं।

अध्यक्ष महोदय, इसके अलावा हम आपको बताना चाहते हैं कि अब बोट में इसरो की मदद से ट्रांसपॉंडर लगाया गया है। हम उसकी चर्चा बाद में करेंगे। जब हम अन्य बातों की चर्चा करेंगे तब हम उसकी चर्चा करेंगे। ट्रांसपोंडर में मछुआरे भाइयों को और जो मछली उत्पादन के साथ लगे लोग हैं, उनको क्या-क्या सुविधाएं दी गई हैं। अगर वे इसका लाभ उठाएंगे तो इस तरह की समस्याओं से हम निजात पा सकते हैं।

अध्यक्ष महोदय, हम बताना चाहते हैं कि आज मत्स्य उत्पादन, पशुपालन और डेयरी के क्षेत्र की चर्चा हो रही है। आदरणीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी का यह संकल्प है कि हम विकसित भारत का निर्माण करें, आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करें। इस अकेले मत्स्य उत्पादन के साथ लगभग 2.8 करोड़ लोग जुड़े हुए हैं। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी

जी ने ?प्रधान मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना? को चलाकर मछली उत्पादन के क्षेत्र में जो प्रगति पिछले दस वर्षों में हुई है, वह इस बात का संकल्प है, वह संकल्पित है कि देश के हर क्षेत्र को हम विकसित करेंगे, तभी हम आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर सकते हैं।

महोदय, आज मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में भारत का स्थान पूरी दुनिया में दूसरा है। हम फिशरीज प्रोडक्शन के मामले में दूसरे स्थान पर हैं। वर्ष 2013-14 में, अब ये लोग बात तो बहुत लम्बी-लम्बी करते हैं, लेकिन वर्ष 2013-14 तक ? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्या, आप पहली बार चुनकर आई हों। आप बैठे-बैठे टिप्पणी मत करो।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : नो, यह तरीका ठीक नहीं है।

माननीय मंत्री जी।

श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह : अब ये चेयर से बहस नहीं कर सकती हैं। हम बता रहे हैं कि वर्ष 2013-14 में, हम इनकी बात नहीं कर रहे हैं, हम इनको आइना दिखा रहे हैं कि आपने वर्ष 2013-14 तक क्या किया? आपने आज़ादी के बाद 60 साल तक शासन किया। आपने मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में कोई काम नहीं किया और प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने दस वर्षों में जो काम करके दिखाया है, वह हम आपको आइना दिखाना चाहते हैं। वर्ष 2013-14 में इस देश का मत्स्य उत्पादन 95.7 लाख टन था। जब तक ये शासन में थे, तब तक मत्स्य उत्पादन 95.7 लाख टन था, जो वर्ष 2023-24 में बढ़कर 174.45 लाख टन हो गया। आदरणीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार ने 10 वर्षों में मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में जो काम किया, उससे उत्पादन दोगुना हो गया। अब आपको कौन सा आइना चाहिए, यह आप बताइये। आपको आइना दिखाने के लिए उसके लिए अलग से कोई मैन्युफैक्चरिंग में दिया जाएगा? ? (व्यवधान) आपने 73 साल में शासन करके जो काम नहीं किया, उन्होंने वह काम किया। आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने उत्पादन बढ़ाने के लिए ध्यान केन्द्रित किया। यह एक बड़ा क्षेत्र था, जहां तीन करोड़ लोग इस क्षेत्र के साथ जुड़े हुए थे। इसलिए उन्होंने इस क्षेत्र पर ध्यान केन्द्रित किया और ध्यान केन्द्रित करके उन्होंने जो योजनाएं चलाईं, उसका यह परिणाम है। कई लोग चर्चा कर रहे थे। उसका सबसे बड़ा कारण है कि आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने फरवरी, 2019 में मत्स्य उत्पादन को विभाग बनाया और जून, 2019 को उसके साथ डेयरी और पशुपालन को जोड़ने का काम किया। उन्होंने वर्ष 2015 से 38,572 करोड़ रुपये की नई योजना और कार्यक्रम चलाएं, आज उसके कारण मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में हमारा उत्पादन बढ़ा है।

महोदय, आज हम जो मत्स्य उत्पादन कर रहे हैं, उसमें सबसे ज्यादा योगदान इनलैंड फिशरीज प्रोडक्शन का है, उसमें उसका 75 प्रतिशत योगदान है और 25 प्रतिशत का योगदान सिर्फ कोस्टल के इलाकों का है। हमारा मत्स्य उत्पादन जो इनलैंड वाटर में है, वह वर्ष 2013-14 में 61.36 लाख टन था। जो वर्ष 2022-23 में बढ़कर 131.30 लाख टन हो गया। इसमें 114 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अब उनको कौन-सा आइना चाहिए, यह हमारी समझ से बाहर है।

आज जो खारा पानी है, उसमें झींगा का उत्पादन बढ़ाया जा रहा है। इसमें जो हस्तक्षेप केन्द्र की सरकार ने किया, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के माध्यम से, यह उसके कारण हुआ। आज आन्ध्र प्रदेश, गुजरात, ओडिशा और तमिलनाडु में झींगा के उत्पादन में उछाल आया है और झींगा का उत्पादन बड़ी संख्या में बढ़ा है।

इसके अलावा, झींगा के लिए 9 हजार करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट्स अप्रूव किये गये हैं। इसमें सपोर्टेड है- hatcheries, Brood Bank and BMC for enhancing availability of quality seeds, यह क्वालिटी सीड्स के लिए भी किया। टेक्नोलॉजी इंफ्यूजन किया गया। As for stocking in reservoirs, 50 हजार केजेज़ के रिज़र्वायर्स बनाये गये हैं। स्टॉकिंग इन वेटलैंड्स है, river ranching है, स्पीशीज डायवर्सिफिकेशन है। ये सारे काम किये गये हैं, उनके कारण आज झींगा का इतना उत्पादन हुआ। इसमें सबसे बड़ा योगदान ब्लू रिवोल्यूशन नम्बर-1 का है। उसके अलावा, फिशरीज एंड एक्वाकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड का निर्माण, जो आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने किया, उसने इसमें योगदान किया।

प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना और किसान क्रेडिट कार्ड की फैसिलिटी दी गई। जो फिशरीज उत्पादन के साथ जुड़े हुए मछुआरे हैं, मत्स्य उत्पादन के साथ जुड़े हुए जो किसान हैं, उनके लिए उन्होंने जो किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराई, उसने मछली के उत्पादन में उछाल

लाने का काम किया। इन नीतिगत निर्णयों के कारण ही व्यापक पहुंच हुई। लोग इसके साथ बड़ी संख्या में जुड़े। इससे जुड़ने के कारण फिशरीज के सेक्टर में जो प्रोडक्शन बढ़ा, उसका परिणाम यह है।

माननीय अध्यक्ष महोदय, हम आपको बताना चाहते हैं कि आज हम 60 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का एक्सपोर्ट कर रहे हैं। आज हम 60 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का निर्यात कर रहे हैं और उसे विदेशों में भेज रहे हैं। वर्ष 2013-14 में भी यह बात कर रहे थे। वर्ष 2013-14 में जहाँ 30,213 करोड़ रुपए का निर्यात हो रहा था, वहीं वर्ष 2023-24 में 60,523.89 करोड़ रुपए का एक्सपोर्ट हम फिशरीज सेक्टर में कर रहे हैं, हम विदेशों में भेज रहे हैं। इसलिए केवल हमारा उत्पादन ही दो गुना नहीं हुआ, हमारा एक्सपोर्ट भी दो गुना हुआ और यह आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 10 वर्षों के शासनकाल की उपलब्धि है।

महोदय, फिशरीज एंड एक्वाकल्चर डेवलपमेंट फंड का जो निर्माण हुआ, इसके तहत हमने इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित किया। वर्ष 2018-19 से 2022-23 तक 7,522.48 करोड़, जिसे वर्ष 2025-26 तक फिशरीज एंड डेवपलमेंट फंड की अवधि को वर्ष 2025-26 तक बढ़ा दिया गया और 7,522.8 करोड़ रुपए का इसमें प्रावधान है, जिसके आधार पर हम आगे बढ़ रहे हैं।

इस फंड के तहत हम व्यक्तिगत मछुआरों, मात्सिकी उद्यमियों, मत्स्य सहकारी समितियों को इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए सुविधाएं प्रदान करते हैं। इसके अंतर्गत, नाबार्ड भी राज्य सरकारों को कार्यान्वित योजना के लिए ऋण उपलब्ध कराती है। विभिन्न राज्यों के लिए अब तक 122 परियोजनाओं की स्वीकृति इसके तहत दी गई है। उसमें 22 फिशरीज हार्बर्स हैं, जिसकी लागत 4,905.77 करोड़ रुपए लागत है। इसके अलावा, 24 फिशिंग लैंडिंग सेन्टर्स हैं, जिसकी लागत 122.20 करोड़ रुपए है। इसमें 21 राज्य मत्स्य बीज पार्क्स का आधुनिकरण भी है, जिसकी लागत 81.70 करोड़ रुपए है। यह इसके अंतर्गत अब तक स्वीकृत की गई हैं। इसके अलावा नीली क्रांति और मत्स्य संपदा योजना का फिजिकल, भौतिक लक्ष्य है, भौतिक लक्ष्य की जो प्राप्ति हुई है, उसकी लंबी सूची है। यदि, अध्यक्ष महोदय, आप अनुमति देंगे, तो मैं इस सूची को सदन के पटल पर रख देने का काम करूंगा, इसलिए, क्योंकि उसमें बहुत समय लगेगा, काफी लंबी सूची है, जो फिजिकल वैरिफिकेशन अलग-अलग क्षेत्रों में हुआ है।

अध्यक्ष महोदय, मैं इसके अलावा प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना के बारे में बताना चाहता हूं। 20,050 करोड़ रुपए के अनुमानित निवेश के साथ प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना वर्ष 2020 में लागू की गई थी, जो 2024-25, अर्थात पांच वर्षों के लिए लागू की गई है। वह वर्ष 2025 तक चलेगी। 9,407 करोड़ रुपए के केंद्रीय अंश, सेंट्रल शेयर, 4,880 करोड़ रुपए का राज्य का अंश और 5,763 करोड़ रुपए लाभार्थियों यानी बेनिफिशरीज का अंश है। यह टोटल योजना वर्ष 2025 तक चलने वाली है। इसकी शानदार प्रतिक्रिया मिली है, सफलता भी शानदार हुई है। ? (व्यवधान) चार वर्षों के दौरान राज्य और केंद्र शासित प्रदेश एवं अन्य एजेंसियों के लिए 7,716.78 करोड़ रुपए के केंद्रीय अंश के साथ 18,721.03 करोड़ रुपए की परियोजना की अब तक स्वीकृति दी जा चुकी है। ? (व्यवधान)

इस योजना के तहत हम टैक्नोलॉजी समावेषण को अपनाते हैं और इसे लोकप्रिय बनाया गया। ? (व्यवधान) टैक्नोलॉजी समावेषण को अपनाया गया, टैक्नोलॉजी को डेवलप किया गया और टैक्नोलॉजी को डेवलप करके इसको लोकप्रिय बनाया गया। ? (व्यवधान) हम बायोफ्लॉक का निर्माण इसके अधीन करते हैं। ? (व्यवधान) Recirculatory Aquaculture System, पेन-एंड-केज कल्चर को विकसित करने का काम प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत किया गया। ? (व्यवधान) चार वर्षों में 50,710 जलाशयों में केज का निर्माण कराने के कारण आज हमारा मत्स्य उत्पादन बढ़ा है। ? (व्यवधान) 11,995 Recirculatory Aquaculture System (RAS) को हम लोगों ने डेवलप करने का काम किया है। ? (व्यवधान) बायोफ्लॉक और पेन-सी-केजेज़ की भी स्वीकृति दी गई, जिसने उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाकर उसकी लागत को कम करने का काम किया। ? (व्यवधान) यह काम प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत किया गया है। ? (व्यवधान) यूपी, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र को आरएएस की कुल 86 परसेंट इकाइयां प्राप्त हुई हैं। ? (व्यवधान) यह हमारी प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना की उपलब्धि है। ? (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, जैसा कि मैंने पहले आग्रह किया, अगर आप मेरा अनुरोध स्वीकार करेंगे, तो मत्स्य संपदा योजना के तहत जो फिजिकल अचीवमेंट्स हैं, उनको मैं सदन के पटल पर रख दूंगा, ताकि वह इसका पार्ट बन जाए, क्योंकि वह बहुत लंबी सूची है। ? (व्यवधान) यह मैंने आपसे आग्रह किया है। ? (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, हमने पूरे मत्स्य उत्पादन को प्राथमिक व्यवसाय के रूप में विकसित करने का काम किया है। ? (व्यवधान) प्राथमिक व्यवसाय के रूप में हमने इसको विकसित करने का काम किया, उद्यमियों को इस मत्स्यपालन को अपने व्यवसाय में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया गया और उसमें हम लोगों को सफलता हासिल हुई है। ? (व्यवधान) मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ राज्यों में इनलैंड जलीय कृषि के लिए 21,998.41 हैक्टेयर तालाब क्षेत्रों का उपयोग किया गया, जिससे इसकी उपलब्धि बढ़ी है। ? (व्यवधान)

इसके अलावा और भी कई विषय हैं, जैसे केसीसी सुरक्षा है। मैंने आपसे जैसा कहा कि सामाजिक सुरक्षा, मत्स्य उत्पादकों को सामाजिक सुरक्षा दी गई। पहली बार, यह प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सोच है कि मत्स्यपालन से जुड़े मछुआरा भाइयों को और उसके साथ जुड़े अन्य तीन करोड़ लोगों को उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड से

जोड़ने का काम किया। ? (व्यवधान) उन्हें किसान क्रेडिट कार्ड से जोड़ने के कारण आज उनकी आर्थिक स्थिति सुधरी है। ? (व्यवधान) कमर्शियल बैंक, कोआपरेटिव बैंक और रीजनल बैंक्स उनको लोन दे रहे हैं। 2477.95 करोड़ रुपये की राशि के साथ 4.27 लाख केसीसी कार्ड अब तक मछली उत्पादन के साथ जुड़े लोगों को वितरित किये जा चुके हैं। इसके अलावा सोशल सिक्योरिटी में, सामाजिक सुरक्षा में आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने मत्स्य उत्पादन के साथ जुड़े मछुआरा भाइयों को बीमा की गारंटी दी है। अगर कोई आकस्मिक मृत्यु या पूर्ण विकलांगता प्राप्त करता है तो 5 लाख रुपये, अगर आंशिक विकलांगता प्राप्त करता है तो 2.5 लाख रुपये और अगर कोई बीमार है, चिकित्सारत है, अस्पताल में है, उसकी मृत्यु नहीं हुई है तो उसको 25 हजार रुपये की राशि दी जाती है। यह प्रधानमंत्री जी की उपलब्धि है। उन्होंने कई क्षेत्रों में ऐसा काम किया है। उन्होंने हिमालयन इलाकों में ट्राउट को विकसित करने का काम किया है। अलग-अलग क्षेत्रों में जो भी मछली पायी जाती हैं, उनको विकसित करने के लिए पूरा विभाग, मंत्रालय काम कर रहा है, चाहे वह प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना हो या इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, फिशरीज इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड हो, उससे हम लोग उसको आगे लाभ पहुँचाने का काम करते हैं। अब जैसा मैंने कहा कि ट्रांसपोंडर की सुविधा दी गई है, ट्रांसपोंडर बोट में लगाया गया है, उसका लाभ यह है, जो सबसे बड़ी सुविधा उसमें प्राप्त है, इस प्रोजेक्ट से मछुआरे टू-वे सिस्टम में अपने परिवार, कोस्ट गार्ड या अन्य सम्पर्क सूत्रों से सूचना का आदान-प्रदान कर सकते हैं। इस ट्रांसपोंडर सिस्टम से मछुआरों को चक्रवात, मौसम, समुद्री तूफान या टरबोलियंस के अलर्ट की सूचना दी जाती है। यह ट्रांसपोंडर हर बोट में लगा हुआ है। पोटेंशियल फिशिंग जोन, जहाँ पर मछलियाँ बहुतायत में पायी जाती हैं, ऐसे स्थलों की पूर्व सूचना मछुआरा भाइयों को रियल टाइम बेसिस पर दी जाती है। यह ट्रांसपोंडर की सुविधा दी गई है। मछुआरे जब इंटरनेशनल मेरीटाइम बाउंड्री क्रॉस करते हैं, जैसा मैंने पहले कहा कि श्रीलंका की सीमा में हमारे मछुआरे चले जाते हैं, ऐसे समय में उन्हें उस बोट में ट्रांसपोंडर के माध्यम से ऑटोमेटिक अलर्ट जारी किया जाता है ताकि वे यह समझ लें कि हम अपनी बाउंड्री को क्रॉस कर गए, मेरीटाइम बाउंड्री को क्रॉस कर गए हैं। इससे उन्हें लाभ होगा। उनकी ट्रेनिंग की भी व्यवस्था है। उनको प्रशिक्षित भी किया जा रहा है। उनको प्रशिक्षित करके उनके साथ उनको जोड़ा जा रहा है। अगर इसका लाभ हमारे मछुआरे भाई उठाएंगे तो हम नहीं समझते हैं कि वे मेरीटाइम बॉर्डर, जो इंटरनेशनल बॉर्डर है, उसको कभी क्रॉस कर पाएंगे। यह प्रोजेक्ट टेंडर के बाद तीन एजेंसीज को दिया गया है और लगभग एक लाख वेसल्स में अब तक लगाया जा चुका है। यह सुविधा दी गई है। इसके अलावा मैं आपको बताना चाहता हूँ कि हमारे देश के लगभग 9 करोड़ लोग पशुपालन और डेयरी के साथ जुड़े हुए हैं। इन 9 करोड़ में से 90 प्रतिशत लोग लघु एवं सीमांत किसान हैं और गरीब वर्ग के लोग हैं। इसके अलावा इनका जो उत्पादन मूल्य है, वह लगभग 11.16 लाख करोड़ रुपये है। एग्रीकल्चर सेक्टर में अगर आप धान और गेहूं के पूरे मूल्य को जोड़ लें तो यह उससे ज्यादा है। 11.16 करोड़ रुपये उनका उत्पादन मूल्य है। इसके अलावा डेयरी और पशुपालन से जुड़ी अन्य संस्थाओं को भी जोड़ लें तो लगभग 12 करोड़ से ज्यादा लोग डेयरी और पशुपालन से जुड़े हुए हैं। डेयरी का कारोबार 17 लाख करोड़ रुपये का है। मैंने बताया कि मत्स्य क्षेत्र के उत्पादन में हमारा दुनिया में दूसरा स्थान है लेकिन डेयरी उत्पादन के क्षेत्र में आज हम पूरे विश्व में नम्बर ?एक? पर हैं। 9 वर्षों के अंदर आदरणीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में जो सरकार है, उसने 58 प्रतिशत की वृद्धि की है। वर्ष 2014-15 में जब आदरणीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने यह गद्दी संभाली थी, उस समय 146.3 मिलियन टन दूध का उत्पादन था जो वर्ष 2022-23 में बढ़कर 230.6 मिलियन टन हो गया है। इसमें छह परसेंट की वृद्धि हम प्रतिवर्ष कर रहे हैं। दुनिया में जो औसत वृद्धि है वह केवल दो प्रतिशत है और हमारे देश की वृद्धि छह प्रतिशत है, यह हमारी उपलब्धि है। हमारे दूध की उपलब्धता 9 वर्षों के अंदर 43 परसेंट बढ़ी है। वर्ष 2014-15 में 322 ग्राम दूध की उपलब्धता प्रति व्यक्ति थी, जो बढ़कर वर्ष 2022-23 में 459 ग्राम प्रति व्यक्ति हो गया है। यह आदरणीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार की उपलब्धि है लेकिन इन्हें यह दिखाई नहीं देता है तो पता नहीं इन्हें कौन-सा आईना चाहिए, यह हम लोगों की समझ से बाहर है।

अध्यक्ष जी, डेयरी और पशुपालन के क्षेत्र में जो विकास हुआ, उसका सबसे बड़ा कारण यह है कि आदरणीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने राष्ट्रीय गोकुल मिशन चलाया और उस मिशन की सफलता है कि आज हम इस ऊंचाई तक विश्व के सामने खड़े हुए हैं। कई सदस्य नस्ल सुधार की बात कह रहे थे। हम बताना चाहते हैं कि देसी गायों की नस्ल के सुधार पर सरकार राष्ट्रीय गोकुल मिशन में कार्यक्रम चला रही है और हम आगे बढ़ रहे हैं। राष्ट्र व्यापी कृत्रिम गर्भाधारण को भी हम आगे बढ़ा रहे हैं और इसके पीछे हम लोग आर्टिफिशियल इनसेमिनेशन के कार्यक्रम को आगे बढ़ा रहे हैं, जिसमें दो चीजें मुख्य तौर पर हैं। एक सेक्स सॉर्टेड सीमेन और दूसरा आईवीएफ टेक्नोलॉजी को हम विकसित कर रहे हैं। सेक्स सॉर्टेड सीमेन को आज हम लोग घर-घर तक पहुंचा रहे हैं। हमने मैत्रिका बहाली की है। हम मैत्री के स्वयं सेवकों को शिक्षित कर रहे हैं। वे किसान के दरवाजे तक सेक्स सॉर्टेड सीमेन की खुराक लेकर जा रहे हैं और ऑन लाइन अपलोड कर रहे हैं ताकि पूरे देश में इसे विकसित किया जाए। सेक्स सॉर्टेड सीमेन के उपयोग से पशुओं की नस्ल की क्वालिटी सुधरती है चाहे वह मेल या फीमेल हो, उसकी क्वालिटी को हम इम्प्रूव करते हैं। आईवीएफ टेक्नोलॉजी के माध्यम से हम नस्ल सुधार का काम करते हैं। 90 परसेंट हम सेक्स सॉर्टेड सीमेन पर सफलता प्राप्त कर चुके हैं और कई माननीय सदस्यों ने आवारा पशुओं की चर्चा की। आवारा पशुओं का मुख्य कारण यही है कि हमारे मेल पशु जैसे बछड़ा है, इसका उपयोग लोग कुछ दिन तक करते हैं, उसके बाद उसको सड़क पर छोड़ देते हैं। अगर सेक्स सोर्टेड सीमेन के माध्यम से उनकी क्वालिटी को हमने इम्प्रूव कर दिया तो आवारा पशुओं पर भी हम नियंत्रण करने का काम कर सकेंगे। इस पर हम लोग काम कर रहे हैं।

हम आई.वी.एफ. की टेक्नोलॉजी को भी डेवलप कर रहे हैं। आई.वी.एफ. का जो इंजेक्शन है, वह कॉस्टली है। आज की तारीख में उसके तीन शॉट्स का कॉस्ट लगभग 20,000 रुपये हैं, लेकिन नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनडीडीबी) ने उस पर भी रिसर्च किया और उसके बाद उसकी कीमत 20,000 रुपये से घट जाएगी। उनका मानना है कि अब वह टेस्टिंग में है और अगर वह टेस्ट सफल हुआ तो मात्र 10,000-12,000 रुपये के अन्दर हमें आई.वी.एफ. के इंजेक्शंस मिल जाएंगे। केन्द्र सरकार उसमें

5,000 रुपये का अनुदान देती है, सब्सिडी देती है। तब वह सभी किसानों के लिए अफोर्डेबल हो जाएगा। तब हमारी पशुओं का नस्ल सुधार होने का काम होगा। हम जब सात पीढ़ी तक सुधार नहीं कर सकते, लेकिन आई.वी.एफ. एक ऐसी टेक्नोलॉजी है कि अगर एक बार इसके तीन शॉट्स दिए गए तो एक पीढ़ी में हम उस नस्ल का सुधार कर सकते हैं। यह उसकी विशेषता है। आज हमारे देश में 22 आई.वी.एफ. लैब्स कार्यरत हैं और वे सप्लाई कर रहे हैं। लेकिन, चूंकि उसकी कीमत ज्यादा है, इसलिए हर किसान तक उसकी पहुंच नहीं है, क्योंकि डेयरी और पशुपालन के क्षेत्र में जो लोग हैं, वे सीमान्त किसान हैं, छोटे किसान हैं, गरीब हैं, तो यह आई.वी.एफ. इंजेक्शन उनके लिए अफोर्डेबल नहीं है। लेकिन, हम लोग उसके लिए काम कर रहे हैं। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार उसके लिए भी काम कर रही है। हम कटिबद्ध हैं कि इस देश के लोगों को सस्ते दरों पर आई.वी.एफ. टेक्नोलॉजी के इंजेक्शंस को भी उपलब्ध कराएंगे।

महोदय, जैसा कि हमने ?मैत्री? की बात कही, तो हम सेक्स-सॉर्टेड सीमेन और आई.वी.एफ. की सुविधा जो उपलब्ध करवाते हैं, उसमें आर्टिफिशियल इनसेमिनेशन कार्यक्रम के तहत ?मैत्री? के लोगों को जोड़ा। उसमें हम उन्हें 90 दिनों की ट्रेनिंग देते हैं और 90 दिनों की ट्रेनिंग के बाद वहां भेजते हैं।

अध्यक्ष महोदय, दूध उत्पादन और डेयरी में जो समस्या है, उसमें हमारे कुल उत्पादन की 37 प्रतिशत खपत स्थानीय स्तर पर होती है। जो उत्पादन करने वाले लोग हैं, वे अपने घरों में इसकी 37 प्रतिशत तक खपत करते हैं और 63 प्रतिशत संगठित और असंगठित क्षेत्रों में दूध का उत्पादन जाता है। लेकिन, उस 63 प्रतिशत में 68 प्रतिशत ऐसा उत्पादन है, जो अन-ऑर्गेनाइज्ड सेक्टर में जाता है। आदरणीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारा प्रयास है कि हम पूरे असंगठित क्षेत्र को संगठित क्षेत्र में परिवर्तित करें, ताकि दूध उत्पादन के साथ जुड़े लोगों का विकास हो सके। अभी कुछ दिनों पहले हम लोगों ने माननीय गृह मंत्री जी के साथ बैठक की है और बैठक करके इस असंगठित क्षेत्र को संगठित क्षेत्र में को-ऑपरेटिव सोसायटीज़ के माध्यम से कैसे विकसित करें और उन्हें संगठित क्षेत्र में लाएं, इस पर भी हम काम कर रहे हैं। हम लोगों का संकल्प है कि इसको शीघ्र संगठित क्षेत्र में लाएंगे और जैसे ही इसे संगठित क्षेत्र में लाएंगे, हमारे डेयरी उत्पादन से जुड़े जो किसान हैं, उन किसानों को इसका लाभ मिलने लगेगा और वे खुशहाल होंगे। इसके तहत हम लोग और कामों को भी आगे बढ़ाएंगे। उसमें कई को-ऑपरेटिव सोसायटीज़ और स्वयंसेवी संस्थाएं हैं, जिनके माध्यम से हम उन्हें संगठित क्षेत्र में लाने का काम करेंगे और उसके बाद हम गुणवत्तापूर्ण दूध देने का काम करेंगे। जो टेस्ट की बात हुई तो दूध को हम दरवाजे पर टेस्ट करेंगे और उसको चिलिंग प्लांट में ले जाएंगे, ताकि उसकी उत्पादकता बढ़े। हम लोग इस आधार पर काम करेंगे।

महोदय, कई माननीय सदस्यों ने रोग नियंत्रण की भी बात कही। हम लोग रोग नियंत्रण पर भी काम कर रहे हैं। एफ.एम.डी., पी.पी.आर., काउ स्वाइन फीवर पर हम लोग टीका देने का काम कर रहे हैं। गांव-गांव तक टीकाकरण करने का काम कर रहे हैं। रोग नियंत्रण में 100 फीसदी केन्द्रीय सहायता के साथ हम टीकाकरण का काम कर रहे हैं। एफएमडी में हमारा प्रयास है, कई सदस्यों ने बात की है, कोई सदस्य कहीं से बोल रहे थे, उन्होंने कहा कि गाय का माँस? मैं बताना चाहता हूँ कि गाय का माँस हमारा देश एक्सपोर्ट नहीं करता है। हमारा देश बीफ मीट एक्सपोर्ट करता है। यह आप जान लीजिए। आप अपने आपको करेक्ट करने का काम कीजिए। हम बफैलो मीट का एक्सपोर्ट करते हैं। गाय का माँस का एक्सपोर्ट नहीं करते हैं। ? (व्यवधान) यह आप लोग करते हैं। ? (व्यवधान) अभी कई लोग चर्चा कर रहे थे। ? (व्यवधान) यह आपका धंधा है। ? (व्यवधान) हम लोग इस काम को नहीं करते हैं। अगर आप लोग चोरी-छुपे भी कर रहे होंगे तो आप समझिए। हम लोग एमवीयू, मोबाइल वैन भी लोगों को दे रहे हैं। वर्ष 2021-22 और 2022-23 में 4,340 एमवीयू विभिन्न राज्यों को दे चुके हैं। 21 राज्यों में आज भी 3,165 एमवीयू चालू स्थिति में हैं। ? (व्यवधान) 41 लाख किसान अब तक एमवीयू की सुविधा से लाभान्वित हुए हैं और लाभान्वित पशुओं की संख्या 86 लाख है। ? (व्यवधान)

दादा, इसके अलावा आपके लिए भी कुछ बोल देते हैं। ? (व्यवधान) आज-कल आप कांग्रेस पार्टी के साथ गलबहियां कर रहे हैं न। ? (व्यवधान) अधीर रंजन चौधरी जी को तो आप लोगों ने विदा करवा दिया। ? (व्यवधान) उनसे तो छुट्टी पा ली है। ? (व्यवधान) यह आप ही लोगों के दबाव का परिणाम है। 60 सालों तक कांग्रेस पार्टी ने इस देश में शासन किया और 13 करोड़ लोगों की चिंता नहीं की तो इन तीन करोड़ लोगों की चिंता कहां से करते? इसलिए आदरणीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने जो संकल्प विकसित भारत बनाने का लिया है, उन्होंने तीन पर्सेंट लोगों की चिंता की है। पशुपालन के साथ और डेयरी के साथ जुड़े 12 करोड़ लोगों की भी चिंता की, क्योंकि उनका मानना है कि जब तक इनका उत्थान हम नहीं करेंगे, तब तक हम विकसित भारत का निर्माण नहीं कर पाएंगे। इसलिए आज वे ध्यान दे रहे हैं। इसलिए उनका मानना है कि जनता के प्रति समर्पण भाव से काम कीजिए। इन लोगों का काम मेवा खाने वाले काम था। ये लोग 60 सालों तक मेवा खा रहे थे और आदरणीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी जनता की सेवा कर रहे हैं। जनता की सेवा कर रहे हैं, इसलिए उनका संकल्प पूरा हो रहा है। इसलिए आप किसी भी क्षेत्र में देखें, जिस भी क्षेत्र में देखिए, उस क्षेत्र में आप कोई सफलता प्राप्त नहीं कर सके। हाँ, एक क्षेत्र में आपने सफलता ज़रूर प्राप्त की है कि पूरे 60 सालों में अगर घोटालों की गिनती की जाए तो अंबार लग जाएगा, लंबी लाइन लग जाएगी। ? (व्यवधान) इसमें आपने सफलता ज़रूर हासिल की है। देश के विकास में आपकी कोई उपलब्धि नहीं है। देश के विकास में आपका कोई योगदान नहीं है। देश के विकास में अगर योगदान है तो यशस्वी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी का है, जिन्होंने दस वर्षों में कर के दिखा दिया कि समर्पण भाव के साथ, देश की सेवा के भाव के साथ अगर किसी भी काम का बीड़ा उठाया जाए, तो उसको लक्ष्य तक पहुंचाया जा सकता है। हम सबको विश्वास है कि विकसित भारत बनाने, आत्मनिर्भर भारत बनाने का जो

उनका संकल्प है, जिस संकल्प के साथ वे चल रहे हैं, अगले पांच सालों में हम तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बन जाएंगे और वर्ष 2047 में हम विकसित राष्ट्र के साथ पूरी दुनिया के सामने सिर उठा कर खड़े रहेंगे। आप भी पीछे से लाइन में हम लोगों के साथ लग जाइएगा।

यही आग्रह और अपील करते हुए, अध्यक्ष जी, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया। धन्यवाद।

***m125 माननीय अध्यक्ष:** श्री नरेश चंद्र उत्तम पटेल, श्री लालजी वर्मा, श्री विशालदादा प्रकाशबापू पाटील, श्री हनुमान बेनीवाल, प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़, डॉ. टी. सुमति उर्फ तामिझाची थंगापंडियन द्वारा मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों पर अनेक कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए हैं। मैं अब सभी कटौती प्रस्ताव सभा के मतदान के लिए रखता हूं।

कटौती प्रस्ताव मतदान के लिए रखे गए तथा अस्वीकृत हुए।

माननीय अध्यक्ष: अब मैं मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय से संबंधित वर्ष 2024-2025 की अनुदानों की मांगों को सभा के मतदान के लिए रखता हूं।

प्रश्न यह है:

?कार्य-सूची के दूसरे स्तम्भ में मांग संख्या 43 और 44 के सामने प्रविष्ट मांगों के शीर्षों के संबंध में 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान खर्चों के भुगतान के निमित्त अथवा के उद्देश्य से, संबंधित धनराशियां, जो कार्य-सूची के तीसरे स्तंभ में दिखाई गई राजस्व लेखा और पूंजी लेखा की रकमों से अधिक न हों, भारत की संचित निधि में से राष्ट्रपति को लेखे पर प्रदान की जाएं?

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।